दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। रविवार 10 नवंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 317 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

## अखिलेश का सरकार पर निशाना, कहा- नोटबंदी भाजपा का सबसे बड़ा घोटाला




**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (एसपी) के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि कोई व्यक्ति वस्त्र से नहीं बल्कि अपने वचन से योगी होता है। नोटबंदी के दौरान जन्म लेने वाले बच्चे खजांची के जन्मदिन पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिये बगैर यह टिप्पणी की। यादव ने कार्यक्रम में कहा, जो लोग मुठभेड़ करते हैं, उनका काउंटडाउन (उल्टी गिनती) शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, अब वे उतने दिन सरकार में नहीं रहेंगे, जितने दिन वे (सरकार में) रहे हैं। इसलिए आप देखेंगे कि उनकी भाषा बदल गई है, उनके सोचने और समझने का तरीका भी बदल गया है। सच तो यह है कि मन की कुटिलता ही वचन की कटुता बन रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, जो व्यक्ति किसी को अपने से बड़ा नहीं समझता, वह कैसा योगी है? अगर कोई है जो संतों को आपस में लड़ा रहा है, तो वह सरकार में बैठे लोग हैं।

## विधानसभा प्रत्याशी संजीव शर्मा को वाल्मीकि समाज का पूर्ण समर्थन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के नवयुग मार्केट में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा उत्तर प्रदेश प्रदीप चौहान वाल्मीकि के नेतृत्व में विधानसभा प्रत्याशी संजीव शर्मा को वाल्मीकि समाज की तरफ से समर्थन सभा में 2024 के उपचुनाव में अपना पूर्ण समर्थन दिया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में वाल्मीकि समाज के कार्यकर्ता एवं सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

सभी ने हाथ उठाकर योगी और मोदी को समर्थन देने की बात भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के समक्ष कही। कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष के मुख्य अतिथि खंड में किया गया।

**गणमान्य लोग उपस्थित रहे :** इस अवसर पर पूर्व महापौर आशा शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मोनिका पंडित, मंडल अध्यक्ष महिमा गुप्ता, राजेश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के नेता तरुण शर्मा, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चे के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज, शक्ति जीनवाल, ललित सिंह होते, शनि, नीरज वाल्मीकि, जॉनी वाल्मीकि, वंदना पांडे, मीणा गांधी, लवली, छाया गुप्ता, सुमन सक्सेना, मानसी चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने हाथ उठाकर संजीव शर्मा के पक्ष में 20 तारीख को मतदान करने का आश्वासन दिया।





### भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा वाल्मीकि समाज के वोटों की ओर से निश्चित रहें : प्रदीप चौहान



करंट क्राइम। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रदीप चौहान ने कहा कि वह भाजपा से विगत 38 वर्षों से जुड़े हैं। भारतीय जनता पार्टी वाल्मीकि समाज के लिए जो योजनाएं और कल्याण का काम करती है वह अन्य राजनीतिक दलों द्वारा नहीं किया गया है। यही कारण है कि वाल्मीकि समाज आज तक भी नरेंद्र मोदी और योगी का मुख्य समर्थक रहता है। मैं आज की सभा में धन्यवाद प्रस्ताव के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा से कहना चाहता हूं कि वह वाल्मीकि समाज के वोटों से निश्चिंत रहें। गाजियाबाद विधानसभा में रह रहा एक-एक वाल्मीकि व्यक्ति सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी को ही अपना समर्थन देगा। आने वाली 20 नवंबर को किसी कीमत पर भी इधर से उधर नहीं दिखेगा और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी पर कमल के फूल का बटन दबाकर योगी और मोदी के हाथ मजबूत करेगा।

### वाल्मीकि समाज और भाजपा का सदियों पुराना गठबंधन : रामचंद्र कनौजिया

करंट क्राइम। मुख्य अतिथि बोलते हुए रामचंद्र कनौजिया ने कहा कि वाल्मीकि समाज और भारतीय जनता पार्टी का सदियों पुराना गठबंधन है जो कभी किसी कीमत पर नहीं टूट सकता। वाल्मीकि समाज भारतीय जनता पार्टी का वोटर है, वह किसी से कोई समझौता भाजपा को लेकर नहीं करता। वाल्मीकि समाज का वोट सिर्फ और सिर्फ योगी मोदी के लिए है।

### पुरानी सरकारों ने वाल्मीकि समाज के लिए कुछ नहीं किया : संजीव शर्मा

करंट क्राइम। इस अवसर पर प्रत्याशी संजीव शर्मा ने बोलते हुए कहा कि हम वाल्मीकि समाज के ऋणी हैं, भारतीय जनता पार्टी वाल्मीकि समाज का एहसान नहीं उतार सकती। वाल्मीकि समाज एक वफादार और मजबूत जाति है वह जिसके साथ होती है उसी के साथ ही रहती है। यह समाज कभी डाल नहीं बदलता लेकिन पिछली सरकारों ने इस समाज के साथ बहुत धोखा किया है। वाल्मीकि भगवान के नाम से किसी तरह का कोई बड़ा काम पुरानी सरकारों ने नहीं किया। यह शुरुआत नरेंद्र मोदी और योगी के काल में हुई है इसलिए मैं आप सब लोगों का ऋणी हूं। आपसे आपके अपने बेटे संजीव शर्मा के लिए वोट करने की अपील करने आया हूं। मुझे यकीन ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ही वाल्मीकि समाज का वोट डलेगा। प्रदीप चौहान वाल्मीकि समाज के नेता तो हैं ही बल्कि हिंदू समाज के बड़े नेता हैं जिनका पूरा जीवन भाजपा के साथ रहा है।



## केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद आज करेंगे शहर में भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार

### दोपहर 3 बजे से शुरू होकर रात्रि 8 बजे तक शहर के अलग-अलग इलाकों में जनसभा और बैठकों का दौर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के दिग्गज चुनावी मैदान में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री दो बार गाजियाबाद आ चुके हैं और अब भाजपा के युवा चेहरों ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। रविवार का दिन भाजपा के युवा चेहरों के नाम रहेगा। जहां लाइन पार क्षेत्र में यूथ आईकॉन नीरज सिंह प्रचार की कमान संभालेंगे। वहीं शहर विधानसभा के शहरी इलाके में, सघन इलाके में भाजपा के केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद चुनाव प्रचार करेंगे।

भारत सरकार के वाणिज्य उद्योग तथा आईटी मंत्री जितिन प्रसाद आज गाजियाबाद आ रहे हैं। वह शिब्बनपुरा के क्षेत्र से अपना चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। जितिन प्रसाद यहां कजान सिंह धर्मशाला क्षेत्र से प्रचार शुरू करेंगे और यहां जनसभा करेंगे। इस जनसभा के संयोजक पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप हैं। इसके बाद जितिन प्रसाद शाम 5 बजे हरबंश नगर क्षेत्र में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस जनसभा के संयोजक क्षेत्रीय पार्षद सुभाष चौधरी हैं। शाम 6 बजे केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद सम्राट होटल के सामने मॉडल टाउन इलाके में प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक का संयोजक दायित्व अनिल गर्ग को दिया गया है। शहर विधानसभा में प्रचार का कार्यक्रम लगातार चलेगा और फिर शाम को 7 बजे विवेकानन्द नगर क्षेत्र में सनराईज स्कूल में एक जनसभा का आयोजन किया गया है। भाजपा नेता सचिन सोनी को इस जनसभा का संयोजक बनाया गया है। केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद यहां जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उसके बाद वह यहीं से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## ऐसा तो हो नहीं सकता कि गाजियाबाद शहर में हो चुनाव यूथ आईकॉन नीरज सिंह का ना हो प्रचार के लिए आगाज



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नीरज सिंह गाजियाबाद के भाजपाइयों के लिए केवल नीरज सिंह नहीं हैं वो उनके लिए नीरज भैया हैं और यकीनन नीरज सिंह के लिये भी गाजियाबाद की भाजपा उनका अपना परिवार है। वो अक्सर कई मौकों पर गाजियाबाद आते हैं और ये नीरज सिंह का व्यक्तित्व और उनका अपना असर है कि भगवा शहर उनके साथ कदम मिलाकर चलता है। एक कार्यकर्ता की तरह भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार कैसे करना है ये नीरज सिंह बेहतर जानते हैं।

गाजियाबाद की भाजपाई धरती इस बात की गवाह है कि जब-जब चुनाव हुआ तब-तब नीरज सिंह ने यहां भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव किया है। वो चाहे लोकसभा चुनाव हो, चाहे विधानसभा चुनाव हो या फिर निगम चुनाव हो। खोड़ा से लेकर विजयनगर और साहिबाबाद से लेकर लोनी तक नीरज सिंह का चुनाव प्रचार चलता है। अब जब शहर में विधानसभा उपचुनाव हो रहा है तो इस बात की उम्मीद लगाई जा रही थी कि नीरज सिंह गाजियाबाद में भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए कब आएंगे।

भाजपाइयों के नीरज भैया आज गाजियाबाद में चुनाव प्रचार करने आ रहे हैं। बड़ी बात ये है कि वो लाइनपार क्षेत्र को फोकस में रखकर चुनाव प्रचार करेंगे, वो अलग-अलग जनसभाओं में मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि छठ महोत्सव के साथ पूर्वांचल आबादी वाले इस क्षेत्र में नीरज सिंह चुनावी जनसभा का कार्यक्रम भाजपा की चुनावी रणनीति के तहत रखा गया है।

### आज तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे यूथ आईकॉन नीरज सिंह

यूथ आईकॉन नीरज सिंह आज गाजियाबाद में भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा के समर्थन में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वह लाइनपार क्षेत्र में प्रताप विहार मंडल और क्रॉसिंग रिपब्लिक मंडल में इन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। नीरज सिंह की पहली जनसभा विजयनगर में लीलावती पब्लिक स्कूल के सामने सुबह ग्यारह बजे होगी। इसके बाद उनकी दूसरी जनसभा सिद्धार्थ विहार क्षेत्र में गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में आयोजित होगी। प्रताप विहार मंडल में आयोजित होने वाली इस जनसभा के कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता यतेंद्र नागर हैं। वहीं नीरज सिंह की तीसरी जनसभा भी क्रॉसिंग रिपब्लिक मंडल क्षेत्र में आयोजित होगी। यह जनसभा क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के सुपर टैक सोसायटी में होगी। इस जनसभा के कार्यक्रम संयोजक रनिता सिंह तथा ओम राजपूत हैं।

## सड़क पर आएगा वकीलों का आंदोलन और बढ़ाएगा पुलिस-आमजन की टेंशन

### सोमवार से वकील 12 से 2 बजे तक मुख्य मार्ग पर मार्ग अवरुद्ध कर देंगे धरना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते लगभग एक सप्ताह से गाजियाबाद के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश और अन्य जिलों के अधिवक्ता गाजियाबाद के जिला जज बार रूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल को अब सोमवार से 22 जिलों में प्रमुखता के साथ शुरू करने की तैयारी लगभग तय कर ली गई है। इसके साथ ही अब जिला न्यायालय, टैक्स बार, तहसील बार में सुबह 10:00 बजे से 4:00 बजे तक धरना प्रदर्शन होगा। इसी के साथ अब इस प्रदर्शन को बार सभागार के रास्ते से आगे ले जाकर मुख्य सड़कों पर लाने की तैयारी पर सहमति बनी है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने जानकारी दी है कि अब प्रतिदिन 12 से 2:00 बजे तक मुख्य मार्ग पर शांतिपूर्वक ढंग से मार्ग अवरुद्ध कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। हालांकि अधिवक्ता कह रहे हैं कि वह धरना प्रदर्शन शांति पूर्ण करेंगे लेकिन जब सड़क जाम होगी तो इसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ेगा और पुलिस की टेंशन भी इसे बढ़ेगी।




### स्थान अभी नहीं है तय, पर सड़क पर बिछेगी अधिवक्ताओं की धरने वाली दरी

करंट क्राइम : अधिवक्ताओं ने अब सड़क पर दरी बिछाने और मार्ग बंद करने की चेतावनी दी है। जिसको वह सोमवार से लागू करने जा रहे हैं। इसको लेकर अब पुलिस प्रशासन और खुफिया विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है क्योंकि अगर मार्ग अवरुद्ध किया जाएगा तो जाम की स्थिति बनेगी और जाम की स्थिति होने का सीधा असर आम जनता के जनजीवन पर पड़ेगा, लोग परेशान होंगे तो पुलिस को कोई विकल्प अवश्य ढूंढना होगा। उधर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव पर मतदान होने तक पुलिस इस पूरे अधिवक्ताओं के आंदोलन पर रख सख्त नहीं करेगी।

### नहीं हुआ जिला जज का तबादला, लिस्ट देखकर अधिवक्ताओं में बढ़ा और रोष

करंट क्राइम : शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में तैनात अलग-अलग जिला जज के कार्यक्षेत्रों में बदलाव करते हुए उनके तबादले किए गए हैं लेकिन इस सूची में सभी को उम्मीद थी कि गाजियाबाद के जिला जज अनिल सिंह का नाम आएगा लेकिन अनिल सिंह का इसमें नाम नहीं आया है। जिसके बाद बार एसोसिएशन गाजियाबाद, जिला बार एसोसिएशन गाजियाबाद के साथ ही पश्चिम उत्तर प्रदेश संघर्ष समिति अब इस आंदोलन को प्रमुखता से चलाने और जिला जज को हटाने के साथ ही लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को तेज करने का काम करेंगे। बता दें कि बीते एक सप्ताह से गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख जिलों में अधिवक्ताओं की हड़ताल लगातार जारी है।

### सोशल मीडिया से भी अधिवक्ता देंगे समर्थन

करंट क्राइम : जिला बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव नितिन चंदेला ने बताया है कि गाजियाबाद के बार रूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध स्वरूप पूरे उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता अपने यहां की वीडियो और फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से गाजियाबाद भेजने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी है की बाकायदा इसके लिए सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर जो भी सूचनाओं आती हैं, उनको अधिवक्ताओं तक भेजने का काम करा जा रहा है ताकि इस आंदोलन को असरदार और ताकतवर बनाया जा सके।

## 17 को फिर आएंगे लाइन पार सीएम योगी आदित्यनाथ

### सुरक्षा एजेंसियों ने शुरू की तैयारी, लगभग तीन किलोमीटर का रहेगा रोड शो

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 17 नवंबर को गाजियाबाद में विशाल रोड शो कर सकते हैं।

इसके लिए शुक्रवार को ही भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी संजीव शर्मा ने सीएम योगी से मंच के माध्यम से समय की मांग की थी। उधर पुलिस विभाग के सूत्र बता रहे हैं कि 17 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लगभग तीन किलोमीटर लंबा रोड शो होगा, जो लाइन पार इलाके में किया जाएगा। इस रोड शो के मार्ग पर हर 100 कम की दूरी पर पुलिसकर्मी तैनात होंगे। तो बड़ी संख्या में बैरिकेडिंग करने के साथ ही रस्सा लेकर पुलिस तैनात की जाएगी। इसके साथ ही बड़ी इमारतों और संवेदनशील इलाकों में रूफ टॉप ड्यूटी लगाने के साथ ही सादे कपड़ों में पुलिस बल को तैनाती दी जाएगी।

उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा हाई रहती है, इस इसीलिए आने वाले कुछ ही दिनों में इस पूरे कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती का ड्यूटी चार्ट भी तैयार कर लिया जाएगा।




### बाहर से भी आएगी फोर्स, आरआरएफ भी होगी तैनात

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी का रोड शो लगभग तीन किलोमीटर लंबा बताया जा रहा है। तीन किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान लगभग चार हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के साथ ही कई जनपदों से एसपी और सीओ स्तर के अधिकारियों को भी सुरक्षा में तैनात किया जाएगा। वहीं लखनऊ से एटीएस और एनएसजी की टीम भी कार्यक्रम से दो दिन पहले ही विजयनगर इलाके में डेरा डालेगी। लोकल स्तर पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी का चार्ट बनेगा, तो वहीं बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड की टीमें भी कई दिनों तक इस पूरे मार्ग की जांच पड़ताल करने का काम करेंगी। मुख्यमंत्री योगी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में आरआरएफ के जवानों की भी रोड शो के एक मार्ग पर तैनाती की जाएगी।

### अधिकारियों की फिर बढ़ेगी टेंशन, सभी को देना होगा फुल अटेंशन

करंट क्राइम : 17 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए लाइन पार इलाके में रोड शो होगा। रोड शो को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी प्रमुख अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखने के साथ ही उनकी जिम्मेदारी तय कर दी जाएगी। इसमें खास तौर से पुलिस कमिश्नर, एडिशनल सीपी, एडीसीपी, डीसीपी सिटी इलाके के एसीपी से लेकर खुफिया विभाग के अधिकारी और यातायात पुलिस अधिकारियों को भी लंबी मार्क ड्रिल करनी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा को लेकर लगातार अधिकारियों का अलर्ट मोड रहता है और जब रोड शो जैसे आयोजन हो तो सुरक्षा का यह घेरा और ज्यादा चाक चौबंद किया जाता है।

### संवेदनशील इलाकों पर भी होगी ड्रोन से निगरानी

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री यागी आदित्यनाथ का रोड शो लंबा और बड़ा होने के साथ ही उम्मीद की जा रही है की भीड़ वाला रहेगा। ऐसे में पुलिस को संवेदनशील इलाकों पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करना होगा। वहीं अगर रोड शो का समय दोपहर बाद का रहा, तो पुलिस को लाइटिंग और अन्य व्यवस्थाओं पर भी फोकस करना होगा।

# 'दलितों-आदिवासियों की एकता से समर्थन खो रही कांग्रेस', नांदेड़ में गरजे पीएम मोदी

**नांदेड़ (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को नांदेड़ में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, आज पूरे महाराष्ट्र में महायुति और भाजपा के पक्ष में लहर है। आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है और देश की जनता जानती है कि भाजपा और उसके सहयोगी दल इसके लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। यही वजह है कि जनता बार-बार भाजपा और राजग (एनडीए) सरकार को चुन रही है।



### 'विकसित महाराष्ट्र के लिए महायुति सरकार चाहिए'

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आज मैं डबल ड्यूटी कर रहा है। सबसे पहले मैं मोदी के लिए मदद मांग रहा हूं और दूसरा महाराष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए। हरियाणा चुनाव में भाजपा को इतिहास में सबसे ज्यादा वोट मिले। अब महाराष्ट्र की जनता भी इतिहास दोहराने जा रही है। उन्होंने कहा, पिछले दो दिनों में मैं महाराष्ट्र में जहां भी गया, सभी के मन में यही बात थी कि लोकसभा में जो कमी थी, इस बार विधानसभा में उसे मजबूती से पूरा करना है। लोग कह रहे हैं कि विकसित महाराष्ट्र के लिए महायुति सरकार चाहिए। महाराष्ट्र ने लंबे समय तक कांग्रेस और उसके पापों का प्रकोप झेला है।

**'दलितों-आदिवासियों की एकता से समर्थन खो रही कांग्रेस' :** मोदी ने आगे कहा, दलितों और आदिवासियों की एकता के कारण कांग्रेस पिछले कुछ वर्षों से अपना समर्थन आधार खोती जा रही है। कांग्रेस के लोग 'भारत का संविधान' शीर्षक वाली एक लाल किताब दिखा रहे हैं, जिसके अंदर खाली पन्ने हैं। यह बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की उपेक्षा और नफरत का प्रमाण है।

कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करने की विपक्षी पार्टी की मांग का जिक्र करते हुए मोदी ने पूछा, कांग्रेस के लोगों को अनुच्छेद 370 से इतना प्यार क्यों है? कांग्रेस के इस मूर्खतापूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण सियासी खेल से पूरा देश सदमे में है।

**'पूरे महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति के समर्थन में लहर' :** उन्होंने आगे कहा, आज महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति के समर्थन में लहर है। आज हर किसी की जुबान पर एक ही नारा है- भाजपा-महायुति आहे, तार गति आहे। महाराष्ट्राची प्रगति आहे (केवल भाजपा-महायुति ही महाराष्ट्र की तेज प्रगति सुनिश्चित करेगी)।

# भड़काऊ भाषणों, झूठ के जरिए मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रही भाजपा सरकार, खरगे का आरोप

## 'देश की असल समस्याओं पर ध्यान नहीं देते मोदी'

**मुंबई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा पर भड़काऊ भाषण और झूठ के जरिए लोगों का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। खरगे ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका कोई नेता बोलता है- बंटेंगे तो कटेंगे, तो कोई बोलता है- एक हैं तो सेफ हैं। सच्चाई ये है कि बांटने वाले भी आप हैं और काटने वाले भी आप हैं। लेकिन दोष दूसरों पर देते हैं।



### महाराष्ट्र सरकार पर भी खरगे का निशाना

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ₹महाराष्ट्र में बेरोजगारी, किसानों, युवाओं, महिलाओं और नशे से जुड़ी कई बड़ी समस्याएं हैं। महाराष्ट्र पहले कानून व्यवस्था, न्याय और रोजगार के लिए जाना जाता था। लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद सारी चीजें बदल गई हैं, जिस तरह की सरकार होनी चाहिए, वो नहीं है।₹

**'अपने वादे पूरे नहीं कर पाए पीएम मोदी' :** खरगे ने मोदी सरकार पर अपने वादे पूरे न करने का आरोप लगाते हुए कहा, ₹नरेंद्र मोदी सिर्फ झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा था कि हर साल 2 करोड़ नौकरियां देंगे, विदेशों से काला धन लाएंगे, सबके खाते में 15-15 लाख आएगा। नोटबंदी से काला धन मिटेगा। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। नरेंद्र मोदी अपने इन वादों को पूरे नहीं कर पाए।₹

कांग्रेस प्रमुख ने कहा, नरेंद्र मोदी झूठ बोलकर हर जगह भ्रम फैलाने का काम करते हैं। जब कांग्रेस अपनी योजनाओं से लोगों को फायदा पहुंचाती हैं, तो पहले वे उसकी बुराई करते हैं, फिर हमारी योजनाओं की ही नकल करने लगते हैं। जब राहुल गांधी जी संविधान बचाने की बात करते हैं, तो नरेंद्र मोदी और उनके लोग उनके खिलाफ बोलने लगते हैं।

इखढ के लोग कभी कहते हैं कि हम संविधान की लाल किताब दिखाकर अर्बन नक्सल को प्रमोट कर रहे हैं, तो कभी कहते हैं संविधान की किताब में खाली पन्ने हैं। ये लोग छोटी बातों को उछालकर मुद्दा बनाते हैं और देश की असल समस्याओं पर ध्यान नहीं देते।

# 'बहू को कालीन पर सुलाना, टीवी देखने से रोकना क्रूरता नहीं', हाईकोर्ट ने पलटा 20 साल पुराना फैसला

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने एक व्यक्ति और उसके परिवार के खिलाफ दिए गए 20 साल पुराने फैसले को पलट दिया। उन पर आरोप था कि उन्होंने अपनी दिवंत पत्नी के साथ क्रूरता की थी। अदालत ने पाया कि महिला को ताने देने, उसे टीवी न देखने देने, उसे अकेले मंदिर जाने से रोकने और कालीन पर सुलाने के आरोप भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए के तहत गंभीर कृत्य नहीं हैं।



**निचली अदालत ने ठहराया था परिवार को दोषी :** अदालत ने इस बात पर गौर किया कि आरोप मुख्य रूप से घरेलू मुद्दों पर केंद्रित हैं और शारीरिक या मानसिक क्रूरता के स्तर के नहीं हैं। अपने फैसले में अदालत ने व्यक्ति, उसके माता-पिता और उसके भाई को बरी कर दिया। उन्हें निचली अदालत ने क्रूरता और आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए आईपीसी की धारा 498ए और 306 के तहत दोषी पाया था। उच्च न्यायालय का यह फैसला निचली अदालत की सजा के खिलाफ उनकी अपील पर आया है।

**ससुराल वालों पर क्या आरोप लगाए गए थे :** 17 अक्तूबर के आदेश में न्यायमूर्ति अभय एस वाघवासे की एकल-न्यायाधीश की पीठ ने अपीलकर्ताओं के खिलाफ मुख्य आरोपों का विवरण दिया। अपीलकर्ताओं पर आरोप लगाया गया था कि वह भोजन बनाने को लेकर बहू को ताने देते थे, उसके टीवी देखने पर प्रतिबंध लगाया हुआ था, उसे पड़ोसियों के पास या मंदिर जाने से रोका जाता था, उसे कालीन पर सुलाया जाता था और उसे खुद ही कूड़ा फेंकने कहा जाता था।

### सुबह डेढ़ बजे की जाती थी पानी की आपूर्ति

परिवार के सदस्यों पर यह भी आरोप था कि वह आधी रात को बहू को पानी लाने के लिए भेजते थे। हालांकि, अदालत ने कहा कि गवाहों की गवाही से पता चलता है कि बहू और उसके ससुराल वाले वरनगांव में रहते थे। पानी आपूर्ति आमतौर पर आधी रात को होती थी और सभी घरों के लोग करीब डेढ़ बजे पानी भरते थे।

# 'बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बिश्नोई गैंग के निशाने पर था पुणे का एक नेता', मुंबई पुलिस ने किया दावा

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या से जुड़े मामले में खुलासा किया है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रडार पर पुणे का एक और नेता था। गैंग उन्हें भी मारने की योजना बना रहा था और अपने शूटरों के जरिए अपराध को अंजाम देने की जिम्मेदारी दी थी।

### बिश्नोई गैंग के शूटरों ने बनाए थे दो प्लान

मुंबई क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच में पता चला है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद पुणे का एक बड़ा नेता भी बिश्नोई गैंग के रडार पर था। अधिकारी ने कहा, लॉरेंस बिश्नोई गैंग पुणे के नेता को भी मारने की योजना बना रहा था और अपराध को अंजाम देने की जिम्मेदारी प्लान बी में शामिल शूटरों को दी गई थी।



**मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच में हुआ खुलासा :** अधिकारी के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक पिस्तौल बरामद की, जिसका इस्तेमाल अपराध को अंजाम देने के लिए किया जाने वाला था। हालांकि क्राइम ब्रांच ने नेता के नाम का खुलासा नहीं किया है। बिश्नोई गिरोह की साजिश का पदार्फाश होने के बाद क्राइम ब्रांच ने पुणे पुलिस के साथ इनपुट और जानकारी साझा की। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस मामले में आरोपियों ने रेकी की थी या नहीं।

**बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गौरव विलास अपुने गिरफ्तार :** मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गौरव विलास अपुने नाम का शूटर को गिरफ्तार किया। मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच में पता चला कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की तरफ से बनाए गए प्लान बी में शूटर के तौर पर शामिल गौरव विलास झारखंड में फायरिंग की प्रैक्टिस करने गया था। आगे की पूछताछ में अपुने ने खुलासा किया कि प्लान ए के फेल होने की स्थिति में बैकअप के लिए प्लान बी तैयार किया गया था। इसके अलावा, पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक रूपेश मोहोल भी फायरिंग की प्रैक्टिस करने के लिए अपुने के साथ झारखंड गया था।

**मुंबई गैंग के दो सदस्यों ने झारखंड में की प्रैक्टिस :** आगे की पूछताछ में पता चला कि हत्या के मास्टरमाइंड शुभम लोनकर ने 28 जुलाई को मोहोल और अपुने दोनों को जरूरी हथियारों के साथ झारखंड में प्रैक्टिस के लिए भेजा था। मुंबई क्राइम ब्रांच के अनुसार, दोनों ने झारखंड में एक दिन फायरिंग का अभ्यास किया था और 29 जुलाई को पुणे लौटे, जिसके बाद वे शुभम लोनकर के संपर्क में आए। मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी झारखंड में उस सटीक स्थान का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जहां अभ्यास किया गया था।

# सड़क हादसे में घायल दंपती की मौत, मृतकों की संख्या तीन हुई



**प्रयागराज :** अयोध्या से दर्शन करके लौटते समय सड़क हादसे के शिकार हुए दंपती की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। इनका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा था। हादसे में एक दस वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसा मऊआइमा थाना क्षेत्र के जोगापुर गल्ला आढ़त के पास शुक्रवार को भोर में हुआ था। दंपती की मौत के बाद हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या तीन पहुंच गई है।

मध्य प्रदेश के रीवा गल्ला मंडी गोविंद गढ निवासी शैलेंद्र कुमार गुप्ता अपने परिजनों और रिश्तेदारों को दो कार से लेकर अयोध्या दर्शन करने गए थे। वापसी के समय भोर में लगभग तीन बजे कार मऊआइमा इलाके के जोगापुर गल्ला आढत के पास आढ तिरछा खडी ट्रकों में कार पीछे से घुस गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को निकाला था।

अस्पताल पहुंचने से पहले ही शिवांशु गुप्ता (10) पुत्र फूलचंद की मौत हो गई थी, जबकि शैलेंद्र कुमार (45) और उनकी पत्नी कमलेश देवी (40) समेत सात लोग घायल हो गए थे। दंपती की हालत नाजुक बनी हुई थी। उपचार के दौरान दंपती की शनिवार को मौत हो गई। घायल पलक गुप्ता (18) पुत्री अरविंद, सेजल (23) पुत्री फूलचंद्र, तनु (13), पीहू (19) का उपचार चल रहा है।

## अधिवक्ता अंजलि हत्याकांड में नया मोड़

# '20 लाख और पांच दुकान...' किलर का बड़ा दावा

**मेरठ।** मेरठ में अधिवक्ता अंजलि हत्याकांड में जेल से जमानत पर बाहर आए आरोपी नीरज शर्मा के खुलासे के बाद यह मामला एक बार फिर से चर्चा में है। नीरज का दावा है कि अंजलि के करीबियों ने उसकी हत्या के लिए 20 लाख रुपये और पांच दुकाने देने की बात कही थी।

आरोप है कि हत्या के बाद भी सुपारी की रकम नहीं मिली। पुलिस ने इन लोगों को जांच में क्लीनचिट दे दी थी। अब एसएसपी ने सीओ ब्रह्मपुरी को मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं। नीरज का दावा सही निकला तो अंजलि के करीबियों समेत मामले की जांच करने वाले पुलिसकर्मी भी फंस सकते हैं।

सात जून 2023 में टीपीनगर थाना इलाके के उमेश विहार निवासी अधिवक्ता अंजलि गर्ग डेयरी से दूध लेकर घर लौट रही थी। घर के गेट पर स्कूटी सवार दो हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। अंजलि के परिजनों ने संपत्ति विवाद के चलते ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया था।




**पुलिस ने आरोपियों को किया था गिरफ्तार :** पुलिस ने इस मामले में अंजलि के ससुर पवन गुप्ता और पति नितिन गुप्ता को गिरफ्तार किया था। लेकिन दो दिन बाद ही नौ जून को पुलिस ने शालू बेकरी के मालिक यशपाल, ब्यूटी पार्लर संचालिका के पति नीरज शर्मा, भाड़े के शूटर अनुज उर्फ मनहर और रोहित उर्फ काकुल को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया था।

**'नहीं मिली सुपारी की रकम' :** पुलिस ने हत्या का मुख्य साजिशकर्ता टीपी नगर निवासी प्रॉपर्टी डीलर संजय भाटी को बताया था। हत्या के लिए हथियार टीपी नगर के सागर उर्फ गोल्डी ने उपलब्ध कराए थे। पुलिस ने 11 जून को सुरेश भाटी और 14 जून को सागर को गिरफ्तार कर लिया था। नीरज के मुताबिक सुपारी की रकम के लिए ही उन्होंने अंजलि के ससुराल वालों का नाम पुलिस के सामने नहीं लिया। जिसके चलते पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया।

**ऑडियो रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सौंपी :** बृहस्पतिवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचकर नीरज शर्मा ने ऑडियो रिकॉर्डिंग, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज समेत अन्य सबूत सौंपे थे। सीओ ब्रह्मपुरी एएसपी अंतरिक्ष जैन का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही जांच रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

**यह थी पुलिस की थ्योरी :** पुलिस के मुताबिक, अंजलि अपने पति से तलाक के बाद ससुर पवन गुप्ता के मकान में अकेली रहती थी। इस मकान को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। काफी प्रयास के बाद भी ससुराल वाले मकान खाली नहीं करा पाए थे। बाद में यह करोड़ों का मकान प्रॉपर्टी डीलर सुरेश भाटी, शालू बेकरी के मालिक यशपाल और एडवोकेट प्रदीप शर्मा को 27 लाख रुपये में बेच दिया था।

## सहारनपुर में दिनदहाड़े डबल मर्डर...

# पंचकूला हाईवे पर चालक और क्लीनर की गोली मारकर हत्या



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में पंचकूला हाईवे पर चालक और क्लीनर की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, सहारनपुर के नांगल थाना इलाके के लाखनोर बाईपास पर दो लोगों की हत्या कर दी गई। कार सवार बदमाशों ने ट्रक चालक और क्लीनर की गोली मारकर हत्या की गई है।

मृतकों की अभी पहचान नहीं हो सकी। एसएसपी मौके पर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि कार सवार बदमाशों ने दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया है। ट्रक पंजाब नंबर का है। पुलिस दोनों मृतकों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## उपचुनाव से पहले कांग्रेस का बड़ा प्लान... गठबंधन के पक्ष में होंगे समीकरण

# सपा उम्मीदवारों को मिलेगा फायदा

**प्रदेश में नौ सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। कांग्रेस ने इस चुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारा है लेकिन गठबंधन में शामिल होने का दावा कर रही है।**




**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस ने अब बसपा पृष्ठभूमि वाले नेताओं पर निगाह लगी दी है। इन नेताओं को कांग्रेस के खेमे में करके सामाजिक न्याय के मुद्दे को धार देने की तैयारी है। पार्टी उपचुनाव से पहले कुछ नेताओं को जोड़ने में सफल रही तो इसका सीधा लाभ सपा उम्मीदवारों को मिलना तय है।

प्रदेश में नौ सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। कांग्रेस इस चुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारी है लेकिन गठबंधन में शामिल होने का दावा कर रही है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दलित व अति पिछड़े वर्ग के वोटबैंक को अपने खेमे में कर लिया जाए तो उसका वोटबैंक बढ़ सकता है।

इसी रणनीति के तहत अब बसपा पृष्ठभूमि वाले नेताओं को जोड़ने की तैयारी है। सभी जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि बसपा के जो नेता खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं, उनसे संपर्क किया जाए।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की ओर से उठाए जा रहे सामाजिक मुद्दे की जानकारी दी जाए। उन्हें यह भी बताया जाए कि दलितों व अति पिछड़ों के हित को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है।

**उपचुनाव में मिलेगा सीधा फायदा :** सियासी जानकारों का कहना है कि कांग्रेस उपचुनाव से पहले इन नेताओं को जोड़ने में सफल रही तो इसका सीधा फायदा उपचुनाव में मिलेगा। क्योंकि कांग्रेस का भले ही कोई उम्मीदवार नहीं है लेकिन वह खुले तौर पर सपा उम्मीदवारों के साथ होने का दावा कर रही है।

**'विभिन्न दलों के कई नेता संपर्क में' :** कई सीटों पर बसपा उम्मीदवार वोटों का बंटवारा कर रहे हैं। इन नेताओं के जरिये सामाजिक न्याय के मुद्दे पर वोटबैंक को एकजुट किया जा सकेगा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कहते हैं कि विभिन्न दलों के कई नेता संपर्क में हैं। इन्हें जल्द ही पार्टी की सदस्यता दिलाई जाएगी। उपचुनाव के दौरान भी कई लोग कांग्रेस के साथ जुड़कर कार्य कर रहे हैं। भाजपा को हराया जाएगा और गठबंधन उम्मीदवार को जिताया जाएगा।

# अखिलेश यादव ने मनाया खजांची का जन्मदिन

## बोले- नोटबंदी ने स्लो पॉइजन के जैसे आम आदमी को बनाया शिकार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने खजांची का 8वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा को निशाने पर लिया। कहा कि नोटबंदी के किसी भी दावे को सरकार पूरा नहीं कर पाई। नोटबंदी केवल दिखावटी बनकर रह गई। एक स्लो पॉइजन के जैसे इसने किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार सभी को शिकार बनाया।

कहा कि जीएसटी ने भी लोगों का नुकसान किया। भाजपा को याद दिलाने के लिए हम खजांची का जन्मदिन मनाते हैं, बैंक में इसका जन्म हुआ था, भाजपा को बच्चे के भविष्य की चिंता करनी थी। एनकाउंटर वालों का काउन डाउन शुरू हो गया है, इसीलिए उनकी भाषा बदल गई है। खुद पर सच्चे मुकदमे हटवाकर दूसरों पर झूठे मुकदमे लगवाएं है।



**कलयुग में सब उल्टा होता है :** संत समाज में झगड़ा करवा रहे हैं। जो अपने से ऊपर किसी को ना समझे वो कैसे योगी।

इनकी योग्यता की परीक्षा करवानी पड़ेगी। व्यक्ति वस्त्र से नहीं वचन से योगी होता है। ये आजादी का नहीं बबार्दी का अमृत काल है। कलयुग में सब उल्टा होता है, और ये सब उल्टा कर रहे हैं।

### सत्ता का अनुचित दुरुपयोग हो रहा

कहा कि हमारे यहां मौनी और मुनि की परंपरा है, जो जितना जानी वो उतना चुप होता है। जिनका काम सरकार चलाना है, वो बुलडोजर चला रहे हैं। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने भी इनपर जुमार्ना लगाया है। उत्तर प्रदेश में शक्ति और सत्ता का अनुचित दुरुपयोग हो रहा है।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। रविवार 10 नवंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित


करंट क्राइम — ट्वीट का करंट

Sunil Sharma Mla

2h

पिछले 23 दिनों से लगातार कार्यालय पर भंडारा चल रहा है, कार्यकर्ता बंधू परिवार के सदस्य की भाँती चिंता करते हैं, सुचारु रूप से व्यवस्था बनाते हैं, ये मेरे लिए बहुत मायने रखता है! आज सबके सम्मान में थोड़ा हाथ बंटाया! सभी का आभार!

Sunil Kumar Sharma BJP Uttar Pradesh





# जारी रहेगी नगर निगम की रोशनी वाली मुहिम

## शहर जगमगायेगा और वार्डों में कायम रहेगी रोशनी

### वार्डों की प्रकाश व्यवस्था को बनाए रखने के दिये निर्देश



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर आयुक्त विक्रम आदित्य सिंह मलिक एक नये विजन के साथ काम रहे हैं। ये एक अधिकारी का विजन था कि दीपावली पर पूरे शहर में उजाला हुआ।

ये पहली दीपावली थी जब शहर की ग्रीन बैल्टों में भी रोशनी जगमगा रही थी। शहर की सड़कों पर तिरंगी लाइट देशभक्ति का संदेश दे रही थी। ये लग रहा था कि दीपावली तक ही यह उजाला है, लेकिन नगर आयुक्त विक्रम आदित्य सिंह मलिक ने अब प्रकाश विभाग को विशेष निर्देश दिये हैं कि वो लाइट की व्यवस्था इसी प्रकार बनाए रखें। दीपावली पर जगमगाए शहर के इस क्रम को बनाए रखें।

इसके अलावा वार्डों की लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ-साथ उन स्थानों की भी व्यवस्था को बनाए रखने के लिये कहा गया है जहां अधिकांश समय लाइट की जरूरत पड़ती है। मेयर तथा नगर आयुक्त दोनों ही निर्देश दिये हैं कि जनहित में प्रकाश व्यवस्था को और अधिक मजबूती की जाए।

### ऐलिवेटिड रोड के अलावा शहर के विभिन्न इलाकों में भी जगमगाएगी तिरंगा रोशनी



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रम आदित्य सिंह मलिक के निर्देश पर प्रकाश विभाग द्वारा सभी वार्डों में लाइटों की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। नगर निगम सीमा में आने वाले मुख्य मार्गों को भी तिरंगे की लाइटों से सुसज्जित किया गया है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के नेतृत्व में शहर को पूर्ण रूप से प्रकाशयुक्त किया गया है। शहर में सभी मुख्य मार्गों पर, खंभों पर तिरंगी लाइट लगाई है। यह व्यवस्था बनी रहेगी और शहर का मन लुभा रही तिरंगी रोशनी से शहर को जगमगाया जाएगा। ऐलिवेटिड रोड के अलावा शहर क्षेत्र में चौधरी मोड, अंबेडकर रोड, विजयनगर रेलवे ओवरब्रिज, हापुड़ चुंगी से ठाकुरद्वारा तक भी यह तिरंगी लाइट लगाई गयी है और नगर निगम का प्लान अभी प्रकाश के इस क्रम को बनाए रखने का है।

# कूड़ा कलैक्शन के काम में पार्षदों की फीडबैक रहेगी अहम

## 24 घंटे चल रहा है निगम का कॉल सेंटर और हर वाहन पर है नजर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर24x7 के 311 कॉल सेन्टर, व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम, सेफ सिटी हेतु कैमरा इंटीग्रेशन का जायजा लिया। डीएम ने 24 घंटे चलने वाले 311 कॉल सेन्टर सहित, वीटीएमएस तथा सेफ सिटी के कैमरा इंटीग्रेशन कार्य को सराहा। आधुनिक तकनीकी से गाजियाबाद नगर निगम में चल रहे कार्यों को देखकर जिलाधिकारी ने टीम की प्रशंसा की तथा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन मॉनिटरिंग की सराहना की। साथ ही मॉनिटरिंग को और अधिक प्रबल करते हुए पार्षदों के फीडबैक को जोड़ने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा नगर आयुक्त द्वारा 24 घंटे चल रहे कॉल सेंटर के बारे में भी विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी को दी। शहरवासियों को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया कराने के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम आधुनिक तकनीकी पद्धति पर कार्य कर रहा है। इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर को देखकर जिलाधिकारी द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की हाईटेक पद्धति की कार्यशैली को सराहा। साथ ही जन समस्याओं के समाधान पर किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की गई।

### कचरा पृथक्करण मुहिम में सुनिश्चित करें जनसहभागिता

**करंट क्राइम।** कचरा पृथक्करण को लेकर डी एम तथा नगर आयुक्त के मध्य विशेष चर्चा हुई जिसमें जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कचरा पृथक्करण की कार्यवाही को गति देने की लिए प्लानिंग बनाई जाए निर्णय लिया गया। नगर आयुक्त द्वारा कचरा पृथक्करण हेतु चल रहे अभियान को लेकर भी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसमें कूड़ा कलेक्शन के अलावा स्वच्छ भारत मिशन की टीम निरंतर शहर वासियों को कचरा पृथक्करण के लिए जागरुक कर रही है अवगत कराया गया। इसके अलावा आधुनिक तकनीकी के साथ कचरा पृथक्करण को जोड़ते हुए और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्लानिंग साझा की। महापौर तथा नगर आयुक्त के नेतृत्व में शहर हित में गाजियाबाद नगर निगम बेहतर कार्य कर रहा है जिससे जन समस्याओं के समाधान को भी मजबूती से कराया जा रहा है शहर के पांचो जोन में चल रही वर्किंग को भी इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के माध्यम से मॉनिटरिंग किया जा रहा है जो की सराहनीय है।

### डीएम बोले कूड़ा कलैक्शन में ली जाये पार्षदों से भी फीडबैक

**करंट क्राइम।** मौके पर समस्त विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा कैमरा इंटीग्रेशन के कार्यों को भी देखा गया जिसमें 1500 कैमरे इंटीग्रेटेड हो चुके हैं अवगत कराया गया। महापर्व छठ व अन्य विशाल आयोजनों पर भी नजर रखने का कार्य किया जा रहा है सरहाना की गई, नगर आयुक्त द्वारा 311 कॉल सेंटर, कैमरा इंटीग्रेशन, तथा व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम के कार्यों से जिलाधिकारी को अवगत कराया,चल रहे कार्यों को देखते हुए ओर अधिक मजबूती देने के लिए डी एम द्वारा संबंधित टीम को मोटिवेट किया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश तथा वरिष्ठ प्रभारी स्वास्थ्य अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन तथा कचरा पृथक्करण पर आधुनिक तकनीकी के माध्यम से अत्यधिक मॉनिटरिंग के लिए कहा गया।

# शास्त्री नगर इलाके में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को कवि नगर थाना पुलिस फोर्स ने पीएसी के जवानों के साथ कवि नगर थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर इलाके में फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च मुख्य मार्गों व इलाके के बीच से गुजरा। इस दौरान पीएसी के जवान मुख्य मार्गो से होकर गुजरे। दरअसल इन दिनों गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव है और दूसरी तरफ अधिवक्ताओं की हड़ताल और आंदोलन चल रहा है।

इसी के मद्देनजर शनिवार को कवि नगर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालने का काम किया। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर रहे और लोगों में सुरक्षा का भाव रहे। इसी के लिए यह फ्लैग मार्च निकाला गया था।

**शास्त्री नगर और महेंद्रा एंक्लेव से निकाला फ्लैग मार्च :** शास्त्री नगर और महेंद्रा एंक्लेव इलाके से पुलिस और पीएसी के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला, तो इस दौरान पुलिस के साथ पीएसी के जवान कई किलोमीटर पैदल चले। लोगों को सुरक्षा का भाव पैदा करने का काम किया गया।

# सड़क निर्माण के क्रेडिट को लेकर उलझ गए भाजपा के पूर्व और वर्तमान पार्षद

### पूर्व का दावा मंत्री को मैंने लिखा लैटर और वर्तमान का कहना ये नहीं है कोई मैटर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा वालों की सरकार भी अपनी और तकरार भी अपनी है। उन्हें किसी विपक्ष की जरूरत नहीं है वो एक दूसरे को ही निशाने पर लेते हैं। विकास कार्यों के क्रेडिट को लेकर वो आपस में उलझ जाते हैं। ऐसे एक नहीं अनेक मौके हैं जब उद्घाटन वाले स्टोन को लेकर भाजपा वालों की टोन आपस में चेंज हो गई है। किस्सा नदिया पार से है और किस्से में एक सड़क है। किस्से में एक्स और वर्तमान दोनों ही पार्षद भाजपा के हैं। किस्सा सोशल मीडिया से लेकर सोशल चौपाल पर गूंज रहा है। मौजूदा वाले पार्षद इस मामले में काफी धीरज रख रहे हैं और वो कुछ भी कहने से बच रहे हैं, लेकिन उनका फिर भी ये रंज है कि जिस सड़क को वो अपने पार्षद कोटे से पास कराकर लाए हैं उस सड़क के निर्माण का सहरा पहले वाली पार्षद क्यों बांध रही है। वहीं पूर्व पार्षद का दावा ये है कि ये सड़क मैंने मंत्री जी से कहकर बनाई है।

बताया जाता है कि दोनों ही पार्षद एक ही बिरादरी से हैं और मामला भाजपा में गूंज रहा है। पूर्व पार्षद ने अपने पक्ष में 18 जुलाई को लिखे गये उस लैटर का हवाला दिया है जो उन्होंने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को लिखा था। जिसमें उन्होंने शक्ति और नीति की टूटी सड़क का निर्माण कराने की बात कही। प्लॉट नंबर दिये थे और गली नंबर बताए थे। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने उसी पत्र में जीडीए उपाध्यक्ष को आवश्यक कार्यवाही के लिये लिखा था। वहीं मौजूदा पार्षद दस्तावेजी सबूत दिखा रहे हैं वो बता रहे हैं कि ग्रीन बैल्ट के साथ-साथ और मदर डेयरी के बराबर वाली सड़क का डेंस द्वारा सुधार का कार्य लगभग 23 लाख की लागत से हुआ है और गुप्ता जी स्वीट्स कॉर्नर से लेकर पार्क वाली टूटी सड़क तक डेंस का काम 28 लाख की लागत से हुआ है।



**लगभग 50 लाख से भी ज्यादा का ये काम पार्षद कोटे से हुआ है। वार्ड में इसका जिक्र हो रहा है। किसने काम कराया इसको लेकर जंग है**

इस प्रकार लगभग 50 लाख से भी ज्यादा का ये काम पार्षद कोटे से हुआ है। बहरहाल अब इस क्रेडिट को लेकर सोशल मीडिया पर मामला चल रहा है और वार्ड में इसका जिक्र हो रहा है। किसने काम कराया इसको लेकर जंग है लेकिन भाजपा सरकार में काम हुआ है इसे बताने में दोनों ही पार्षदों की जुबान बंद है। एक पक्ष कैबिनेट मंत्री को लिखा लैटर दिखा रहा है और दूसरा पक्ष कह रहा है कि दस्तावेज देख लो ये पार्षद कोटे से सड़क बनी है। बहरहाल सड़क के निर्माण को लेकर फूल वाले भी क्रेडिट वार में उलझ रहे हैं।

# देह व्यापार के दो अड्डों पर पुलिस की रेड

## विजयनगर के होटलों से छह आरोपी गिरफ्तार, तीन महिलाओं का हुआ रेस्क्यू

### टीलामोड़ से संचालिका व महिला गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शनिवार को सिटी जोन और ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार के दो अड्डों पर छापेमारी की कार्रवाई की है। जिसमें सिटी जोन के अंतर्गत विजयनगर पुलिस द्वारा होटल में छापेमारी करते हुए तीन संदिग्धों और तीन होटल से जुड़े आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन महिलाओं को रेस्क्यू के बाद मुक्त कराया गया है। एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि विजयनगर पुलिस ने अजब सिंह होटल ड्रीम अंपायर के संचालक, स्वाति कटारिया होटल स्टे इन की संचालिका, मोहित होटल स्टे इन का मैनेजर को गिरफ्तार किया है जबकि मोहम्मद नजीर, आकाश और पवन यह तीनों भी ग्राहकों के रूप में दबोचा गए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने यहां से तीन महिलाओं का रेस्क्यू किया है, जिनसे अनैतिक देह व्यापार कराया जा रहा था।

### तुलसी निकेतन में किराए के फ्लैट पर होता था देह व्यापार का धंधा



**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल को सूचना मिली थी जिसके बाद वह टीलामोड़ पुलिस के साथ तुलसी निकेतन थाना टीलामोड़ के एक मकान में पहुंची थीं। यहां से गीता उर्फ रानी जो संचालिका है ,किराए के फ्लैट में रह रही थी, उसको गिरफ्तार किया गया है। साथ ही राजवती उर्फ प्रीति को पकड़ा गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से नगद धनराशि भी बरामद की है। साथ ही अनैतिक देह व्यापार प्रयोग में की जाने वाली सामग्री भी बरामद की गई है। इन्होंने पुलिस को बताया है कि यह मजबूरी वश अपने परिवार का पालन पोषण के लिए देह व्यापार का धंधा कर रही थीं। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल का कहना है कि दोनों महिलाओं के खिलाफ विधि कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस की रेड से होटलों में मची अफरा-तफरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को विजयनगर के होटल स्टे इन अंबेडकर कट कृष्ण इंटर कॉलेज के पास होटल अंपायर अंबेडकर नगर पर जैसे ही पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई की, तो यहां मौजूद लोगों में खलबली मच गई। आसपास के लोग भी पुलिस की गाड़ियां और अधिकारियों को देख हरकत में आ गए। जिसके बाद पुलिस ने होटल स्टे इन से दो जोड़े और होटल दी अंपायर से एक जोड़े को आपत्तिजनक स्थिति में दबोचने का काम किया। साथ ही मौके से होटल संचालक, मैनेजर और मालिक को गिरफ्तार किया गया है। तो वही तीनों महिलाओं को रेस्क्यू कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। इस मामले में तीनों ही होटल की जिलाधिकारी को लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट भी भेजी जाएगी। होटल मालिकों और संचालकों द्वारा अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत कार्रवाई भी होगी।

# छठ पूजा पर पटाखों के धुएं से बढ़ गया वायु प्रदूषण



## लोनी और वसुंधरा का इलाका पहुंचा रेड जोन में

### लगातार वायुमंडल में बढ़ रहे हैं धूल के महीन कण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मौसम भले ही बदलना शुरू हो गया हो लेकिन वायुमंडल में प्रदूषण की स्थिति कम नहीं हो रही है। बीते दिनों छठ पूजा के दौरान हिंडन और नदियों के किनारे लोगों द्वारा आतिशबाजी की गई। आतिशबाजी के धुंए का असर यह हुआ है कि इसका सीधा प्रभाव वायु प्रदूषण पर पड़ा है और वायु प्रदूषण की मात्रा में इजाफा हो गया है।

शनिवार को गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स लगभग 280 दर्ज किया गया है, जो ऑरेंज जोन में आता है। वहीं वायु प्रदूषण की स्थिति खतरनाक बताई जा रही है। इसके साथ ही लोनी और वसुंधरा का इलाका रेड जोन में पहुंच रहा है, यहां की हवा बेहद जहरीली हो गई है और वायु मंडल में धूल के महीन कणों की मात्रा लगातार बढ़ रही है। वायुमंडल में धूल के कण की मात्रा बढ़ने से लोगों को सांस लेने में परेशानी और आंखों में जलन की समस्या भी आ रही है। ऐसे में चिकित्सकों का कहना है कि सुबह और शाम की सैर करने वाले लोग इससे परहेज करें। वहीं अधिक उम्र के लोग तो मास्क का हर हाल में प्रयोग करें। साथ ही बच्चे और युवा भी इस वायु प्रदूषण से खुद का बचाव रखें।



### सभी विभागों की रहेगी वायु प्रदूषण रोकने की जिम्मेदारी

- **नगर निगम** : धूल उड़ने वाले इलाकों में पानी का छिड़काव कराना व लोगों को जागरूक करना।
- **परिवहन विभाग** : बस स्टैंड व डिपो में पानी का छिड़काव करना और पुराने वाहन का संचालन रोकना।
- **कृषि विभाग** : फसल के अवशेष जलाने से रोकना व किसानों को जागरूक करना।
- **शिक्षा विभाग** : स्कूलों में पटाखे नहीं जलाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम।
- **औषधि एवं खाद्य विभाग** : होटल व अन्य भोजनालय पर कोयला व लकड़ी के प्रयोग पर रोक लगाना।
- **राजस्व विभाग** : पटाखों की बिक्री रोकना व ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम।
- **स्वास्थ्य विभाग** : मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का पालन कराना व वायु प्रदूषण से शरीर पर होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना।
- **पीडब्ल्यूडी** : मशीन से सड़कों को साफ कराना व पानी का छिड़काव, कूड़ा निस्तारण करना।
- **दमकल विभाग** : आग लगने की घटना को रोकना व अति प्रदूषित क्षेत्र में पानी का छिड़काव करना।
- **पीवीवीएनएल** : बिजली आपूर्ति सामान्य करनी रखनी होगी, जिससे कि जनरेटर का प्रयोग न हो सके।

### जहरीली हो रही है गाजियाबाद की आबोहवा

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार शनिवार को गाजियाबाद का प्रदूषण का स्तर 280 दर्ज किया गया जबकि दिल्ली की यह स्थिति 350 के पार रही। गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स खराब होने का असर सबसे ज्यादा लोनी इलाके में देखा जा रहा है। यहां की वायु गुणवत्ता 324 दर्ज की गई जो जिले में सर्वाधिक थी। तो वहीं वसुंधरा की स्थिति भी कम खतरनाक नहीं है। यहां की वायु गुणवत्ता 293 पाई गई। इसके साथ ही इंदिरापुरम में हवा का दबाव अधिक होने की वजह से यहां का प्रदूषण थोड़ा कम हुआ है लेकिन वसुंधरा की स्थिति भी ऑरेंज जोन में बनी हुई है। यहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स 225 दर्ज किया गया है। जिस तरीके से वायु प्रदूषण का ग्राफ बढ़ रहा है, उससे आने वाले दिनों में वायु प्रदूषण का स्तर और बढ़ाने का अंदेशा है।



## संपादकीय

# उच्च शिक्षा के लिए फंडिंग

उच्च शिक्षा की फंडिंग में सरकारी धन के उपयोग को लेकर बहस नई नहीं है। उच्च शिक्षा के अधिकांश लाभ जहां इसे हासिल करने वाले व्यक्ति को होते हैं, वहीं इसके कुछ बाहरी लाभ भी हैं, मसलन प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ, उच्च शोध एवं नवाचार और अर्थव्यवस्था में अधिक कुशल श्रम शक्ति की उपलब्धता। उच्च शिक्षा में शामिल लागत को देखते हुए खासकर स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) पाठ्यक्रमों की तो छात्रों को अक्सर अधिक राशि चुकानी होती है। इस संदर्भ में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

22 लाख से अधिक विद्यार्थियों को अपने दायरे में लेने वाली इस वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत उन प्रतिभाशाली और उत्कृष्ट विद्यार्थियों को शैक्षिक ऋण प्रदान किया जाएगा जिन्हें उच्च शिक्षा संस्थानों में दाखिला मिला हो लेकिन वे वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे हों। शुरूआत में यह योजना देश के शीर्ष 860 गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों पर लागू होगी।

सेंट्रल सेक्टर ब्याज सब्सिडी (सीएसआईएस) और शैक्षणिक ऋण के लिए ऋण गारंटी फंड योजना (सीजीएफएसईएल) के पूरक के रूप में पीएम विद्यालक्ष्मी योजना स्थगन अवधि के दौरान 4.5 लाख रुपये तक की पारिवारिक आय वाले विद्यार्थियों को पूर्ण ब्याज अनुदान प्रदान करेगी।

इसके अलावा 8 लाख रुपये तक की पारिवारिक आय वाले विद्यार्थियों को स्थगन अवधि के दौरान 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए 3 फीसदी की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। 7.5 लाख रुपये तक के ऋण की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को बकाया देनदारी पर 75 फीसदी की ऋण गारंटी मिलेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि गारंटर मुक्त शिक्षा ऋण गरीब छात्रों को उच्च शिक्षा हासिल करने में मदद करेगा।

देश में शिक्षा ऋण का बाजार बीते कुछ वर्षों में काफी विकसित हुआ है। शिक्षा ऋण के तहत बकाया पोर्टफोलियो 2022-23 में 17 फीसदी बढ़कर 96,847 करोड़ रुपये हो गया। बहरहाल देश के शिक्षा ऋण का 90 फीसदी से अधिक हिस्सा विदेशों में पढ़ाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा 2022-23 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा वितरित कुल शिक्षा ऋण का करीब 8 फीसदी फंसे हुए कर्ज में तब्दील हो गया। यह बैंकिंग क्षेत्र के औसत फंसे हुए कर्ज से अधिक है। औसत डिफॉल्ट दर भी प्रमुख संस्थानों के छात्रों के शिक्षा ऋण की डिफॉल्ट दर से बहुत अधिक है।

इससे संकेत मिलता है कि शिक्षा ऋण के क्षेत्र में ऐसे छात्रों का योगदान अधिक है जो दूसरे दर्जे के संस्थानों में पढ़ते हैं। इस संदर्भ में योजना न केवल गरीब विद्यार्थियों को ऋण तक आसान पहुंच मुहैया कराएगी बल्कि कुछ हद तक बैंकों को भी बचाएगी।

बहरहाल, यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि आसान ऋण की मदद से उच्च शिक्षा को सब्सिडी देना जरूरी हो सकता है लेकिन यह वांछित परिणाम पाने के लिए पर्याप्त नहीं है। देश में समस्या न केवल ऋण के किफायती होने या वित्तीय मदद के विकल्पों की है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण संस्थानों की उपलब्धता भी एक अहम मुद्दा है।

# मेडिकल डिवाइस के लिए सरकार ने लॉन्च की 500 करोड़ रुपये की योजना

**नई दिल्ली, 9 नवंबर।** सरकार ने देश के चिकित्सा उपकरण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपये की योजना लॉन्च की है। शनिवार को मेडटेक लीडर्स ने कहा कि मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के लिए सरकार की नई 500 करोड़ रुपये की योजना से न केवल घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आयात पर निर्भरता भी कम होगी।

मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री को मजबूत करने की योजना शुरू की।

500 करोड़ के कुल परिव्यय वाली 5-इन-1 योजना मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को टारगेट करते हुए पेश की गई है। यह योजना जरूरी कम्पोनेंट्स और एक्सेसरीज की मैन्युफैक्चरिंग, स्किल डेवलपमेंट, क्लिनिकल स्टडी को सपोर्ट करने और कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर- इंडस्ट्री प्रमोशन से जुड़ी है।

जानकारों ने कहा कि मेडिकल डिवाइस पर आत्मनिर्भरता की आवश्यकता और महत्व हाल ही में कोविड-19 महामारी के बाद सबसे अधिक महसूस की गई। इसके साथ ही मेडिकल किट, सीरिंज, वेंटिलेटर, मास्क और पीपीई किट की जरूरत पैदा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि हालांकि बजट छोटा है, लेकिन यह इंडस्ट्री के लिए प्रेरणादायक है।



एआईएमईडी के फोरम समन्वयक राजीव नाथ ने आईएएनएस से कहा, आपने देखा कि कोविड के दौरान, पूरे देश में लॉकडाउन इसलिए था क्योंकि हमारे पास मेडिकल डिवाइस नहीं थे, जो महामारी से लड़ने के लिए जरूरी थे। चार महीने तक, हम वेंटिलेटर, मास्क और पीपीई किट बनाने जैसी सामग्री एकत्र कर रहे थे। मुझे लगता है कि देश ने तब मेडिकल डिवाइस के महत्व को समझा। उन्होंने कहा, बजटीय आवंटन छोटा और मामूली लग सकता है, लेकिन यह एक अभूतपूर्व रणनीति है जिसका कई गुना प्रभाव पड़ेगा।

डायग्नोस्टिक मशीनों से लेकर सर्जिकल उपकरणों तक और स्टेंट से लेकर प्रोस्थेटिक्स तक, मेडिकल डिवाइस बीमारियों की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए महत्वपूर्ण हैं।

भारत का मेडिकल डिवाइस बाजार लगभग 14 बिलियन डॉलर का है और 2030 तक इसके 30 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है।

मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमटीएआई) के अध्यक्ष पवन चौधरी ने आईएएनएस से कहा, मैं पूरी तरह से सहमत हूं कि मेडिकल डिवाइस योजना स्वास्थ्य सेवा संप्रभुता प्रदान करेगी, इस तरह से कि हमारे लिए स्वास्थ्य सेवा में आत्मनिर्भर होना बहुत महत्वपूर्ण है। कोविड के दौरान, जब इस आत्मनिर्भरता की कमी थी, तो हमें इसकी कमी महसूस हुई।

नैटहेल्थ के सचिव अनीश बाफना ने आईएएनएस से कहा, मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के लिए 500 करोड़ रुपये की योजना घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और आयात निर्भरता को कम करने की दिशा में एक बड़ी प्रगति का प्रतीक है।

हेल्थियम मेडटेक के सीईओ और एमडी बाफना ने कहा, एक मजबूत लोकल सप्लाई चेन डेवलप करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है, जिससे लागत कम होगी और इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा।

# भारत का स्मार्टफोन बाजार इस साल 7-8 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान



**नई दिल्ली, 9 नवंबर।** प्रीमियम, 5जी और एआई स्मार्टफोन की मजबूत मांग के कारण भारत के स्मार्टफोन बाजार में इस साल तेजी का अनुमान जताया जा रहा है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत के स्मार्टफोन बाजार में 7-8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं, भारत में मोबाइल हैंडसेट बाजार में स्थिर वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के विश्लेषक-इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप (आईआईजी) पंकज जादली ने कहा, जैसे-जैसे ब्रांड टेक्नोलॉजी के अंतर को कम करने और किफायती 5जी डिवाइस पेश करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, प्रतिस्पर्धा तेज होने की संभावना बढ़ती जाती है। आने वाली तिमाहियों में एआई-इनेबल्ड डिवाइस को लेकर ग्राहकों की पसंद बनी रहेगी। तीसरी तिमाही में, वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत के स्मार्टफोन बाजार में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत में उपभोक्ता मांग मजबूत बनी हुई है, जो मिड-रेंज और प्रीमियम स्मार्टफोन को पसंद करने के कारण है। 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट की हिस्सेदारी बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई, जो कि सालाना आधार पर 49 प्रतिशत की एक बड़ी वृद्धि है।

# एप्पल ने भारत में अपनी पहली रिसर्च और डेवलपमेंट सहायक कंपनी की स्थापित

**नई दिल्ली, 9 नवंबर।** आईफोन निमार्ता एप्पल ने भारत में अपनी नई रिसर्च और डेवलपमेंट सहायक कंपनी की शुरूआत की है। भारत में सहायक कंपनी स्थापित करने को लेकर यह कदम चीन के बाहर एप्पल की सप्लाई चेन और रिसर्च को लेकर अहम माना जा रहा है।

एप्पल की यह सहायक कंपनी रिसर्च, डिजाइन, टेस्टिंग-प्रोवाइडिंग और थर्ड पार्टी के निमार्ताओं को सहायता देने को लेकर काम करेगी।

बाजार के जानकारों के अनुसार, एप्पल का भारत में रिसर्च और डेवलपमेंट सुविधा स्थापित करने का कदम महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे कंपनी को लोकल मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को समझने, मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) के साथ बेहतर ढंग से जुड़ने और भारत-स्पेसिफिक उत्पाद और समाधान बनाने में मदद मिलेगी।

वर्तमान में एप्पल के पास अमेरिका, चीन, जर्मनी और इजरायल में रिसर्च और डेवलपमेंट सुविधाएं हैं। कंपनी ने रिसर्च और डेवलपमेंट को लेकर भारत की अपनी भविष्य की योजनाओं पर फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी है।

साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के वीपी-इंडस्ट्री रिसर्च ग्रुप, प्रभु राम के अनुसार, जिस तरह से चीन ने अतीत में एप्पल के विकास को बढ़ावा दिया, उसी तरह भारत अगले दशक में भी ऐसा ही करने के लिए तैयार है।

राम ने आईएएनएस को बताया, इस वृद्धि की वजह केवल रिटेल और मार्केटिंग ही नहीं है, बल्कि मजबूत आरएंडडी ऑपरेशन भी है।

# वैश्विक आर्थिक सहयोग को बढ़ाता है सीआईआईई

**बीजिंग, 9 नवंबर।** वर्ष 2018 से शुरू हुआ चीनी अंतर्राष्ट्रीय आयात एक्सपो (सीआईआईई), वैश्विक व्यापार के लिए एक उज्ज्वल व्यवसाय कार्ड बन गया है। दुनिया की पहली आयात-थीम वाली राष्ट्रीय प्रदर्शनी के रूप में, सीआईआईई न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन के योगदान को प्रदर्शित करता है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सहयोग और आर्थिक वैश्वीकरण के लिए एक मजबूत उत्प्रेरक भी है। यह न केवल वैश्विक बाजार पहुंच को बढ़ावा देता है, बल्कि चीन के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार खुलेपन और आर्थिक सहयोग को भी आगे बढ़ाता है।




सीआईआईई की सफलता न केवल प्रदर्शकों की संख्या और लेनदेन की मात्रा में वृद्धि में परिलक्षित होती है, बल्कि नवाचार की निरंतर खोज में भी परिलक्षित होती है। हर साल, सीआईआईई नवीनतम प्रौद्योगिकियों और उत्पादों का प्रदर्शन करने और क्रॉस-इंडस्ट्री नवाचार को बढ़ावा देने के लिए दुनिया की शीर्ष कंपनियों को आकर्षित करता है।

प्रदर्शनी न केवल उत्पादों का प्रदर्शन करती है, बल्कि रचनात्मकता और नवीनता प्रदर्शित करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों और विषयों को भी शामिल करती है।

पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी नवाचार के संदर्भ में, सीआईआईई स्वास्थ्य देखभाल, जैव प्रौद्योगिकी और चिकित्सा उपकरण जैसे उद्योगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है, जो महत्वपूर्ण उत्पादों की एक श्रृंखला लॉन्च कर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे रहा है।

## राशिफल

**मेष:** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि हो सकती है। लापरवाही न करें। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**वृष:** फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। चोट व रोग से बचें। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में स्थिति अनुकूल होगी।

**मिथुन:** भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आवश्यक कागजों पर अधिक ध्यान दें। हानि हो सकती है।

**कर्क:** छोटी-मोटी यात्रा हो सकती है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**सिंह:** किसी भी तरह की बहस में हिस्सा न लें। बात? बिगड़ सकती है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। भागदौड़ रहेगी। कार्य में विलंब होने से खिन्नता रहेगी।

**कन्या:** प्रयास सफल रहेंगे। उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मित्रों व रिश्तेदारों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**तुला:** घर में मेहमानों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। विवाद से बचें। शत्रुभय रहेगा। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्?य की चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:** प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। व्यस्तता के चलते थकान हो सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**धनु:** कोई बड़ा व्यय हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी व्यक्ति से विवाद हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मकर:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नए काम मिल सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**कुंभ:** आर्थिक उन्नति के लिए योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। काफी समय से अटके कार्य पूर्ण होंगे।

**मीन:** हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद की आशंका है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यय होगा। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे होंगे।

## चुटकुले

एक औरत बालकनी से फिसलकर नीचे कचरे के डिब्बे में गिरी, ये देखकर पास बैठा शराबी बोला-
फेंकने वाला आदमी कुछ ज्यादा ही शौकीन लगता है, वर्ना अभी 5-6 साल और चल सकती थी

---

'मान भी जाओ' से लेकर 'भाड़ में जाओ' तक का सफर ही...
'प्यार' और 'शादी' है...
बाकी तो सब मात्र मोह माया है

---

पप्पू- बताओ इंसान के बच्चों और जानवरों के बच्चों में क्या फर्क है...
पिंकी- गधे का बच्चा होकर गधा बनता है और उल्लू का बच्चा उल्लू बनता है
पर इंसान का बच्चा बड़ा होकर गधा भी बन सकता है और उल्लू भी...

## रोचक तथ्यों का करंट

- मच्छरों की प्रजातियां हैं उनमें से एक (एनोफेलीज) एक मलेरिया वाहक है, जबकि तीन अन्य एन्सेफलाइटिस फैलाने के लिए जाने जाते हैं।
- मच्छर का शरीर तीन खंडों में बांटा गया है : सिर, थोरैक्स और पेट।
- मच्छर की अधिकांश प्रजातियों को एक प्रमुख घातक और नुकसान पहुंचानेवाला कीड़ा माना जाता है क्योंकि वे मनुष्यों और जानवरों के खून का उपभोग करते हैं।
- पश्चिम वर्जीनिया में मच्छर की सबसे कम प्रजातियां हैं। इस पहाड़ी राज्य में कुल 26 प्रजातियां पाई जाती हैं।
- आइसलैंड में एक भी मच्छर नहीं हैं।
- मच्छर के सिर पर एंटीना की एक जोड़ी होती है। जिससे वे गंध का पता लगाते हैं जो प्रजनन के लिए उपयुक्त शिकार और साइटों की पहचान की सुविधा प्रदान करते हैं।
- एक चोरी हुई कार की खोज करते समय फिनिश पुलिस को मृत मच्छर मिला। उन्होंने मच्छर के अंतिम भोजन से रक्त का परीक्षण किया और चोर की पहचान करने के लिए इसका इस्तेमाल किया।
- क्या आपको यह मालूम है की केवल मादा मच्छर ही कटते हैं। लेकिन क्यों? क्योंकि उन्हें रक्त में पाए जाने वाले प्रोटीन की आवश्यकता होती है ताकि उनके अंडे विकसित हो सकें।
- मच्छर एक लघु कीट होता है जो लंबाई में ¾ इंच तक और 0.000088 औंस वजन तक पहुंच सकता है।




दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने विश्व रिकॉर्ड धारक को बनाया नया कोच

**नई दिल्ली ।** लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने शनिवार को अपने करियर में एक रोमांचक नए अध्याय की शुरूआत की। उन्होंने जैवलिन थ्रो के दिग्गज जान जेलेज्नी के साथ एक नई पारी की शुरूआत की है।

तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक जान जेलेज्नी लंबे समय से चोपड़ा के आदर्श रहे हैं और अब वह कोच के रूप में उनका मार्गदर्शन करेंगे।

दरअसल, नीरज चोपड़ा अभी तक जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिएट्ज के साथ काम कर रहे थे, लेकिन क्लॉस बार्टोनिएट्ज ने हाल ही में कोचिंग से संन्यास लिया है।

चोपड़ा ने कहा, मैं हमेशा से जान की तकनीक और सटीकता का मुरीद रहा हूं। मैंने उनके कई वीडियो देखे और उससे बहुत कुछ सीखा। वह इतने वर्षों तक खेल में सर्वश्रेष्ठ रहे और मेरा मानना है कि उनके साथ काम करना अमूल्य होगा क्योंकि हमारे थ्रो करने की शैली काफी मेल खाती है। उनका ज्ञान बेजोड़ है और भविष्य में उनका मार्गदर्शन मेरे लिए अहम होगा। अपने करियर में अगले स्तर की ओर बढ़ने के लिए जान का मेरे साथ होना सम्मान की बात है।

जान जेलेज्नी ने कहा, मैंने कई साल पहले ही नीरज के बारे में एक बेहतरीन प्रतिभा के रूप में बात की है। जब मैंने उन्हें उनके करियर की शुरूआत में देखा था, तो मुझे शीर्ष परिणामों के लिए बहुत संभावनाएं महसूस हुईं। मैंने यह भी कहा कि अगर मुझे चेकिया के बाहर से किसी को कोचिंग देनी पड़े, तो मेरी पहली पसंद नीरज होंगे। मुझे उनकी कहानी पसंद है और मुझे उनमें बहुत संभावनाएं नजर आती हैं, क्योंकि वह युवा हैं और सुधार करने में सक्षम हैं। कई एथलीट कोचिंग के लिए मुझसे संपर्क कर रहे हैं, इसलिए मेरे लिए यह काम करना बहुत सम्मान की बात है। हम एक-दूसरे को और करीब से जान रहे हैं और दक्षिण अफ्रीका में एक पारंपरिक शीतकालीन शिविर में व्यक्तिगत रूप से शुरूआत करेंगे। मुझे उनकी प्रगति पर विश्वास है, खासकर तकनीकी पहलू में, ताकि वह मुख्य चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल करना जारी रख सकें।

1992, 1996 और 2000 ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता जेलेज्नी के नाम अब तक के दस सर्वश्रेष्ठ थ्रो में से पांच हैं, और उन्होंने 1996 में जर्मनी में 98.48 मीटर के वर्तमान रिकॉर्ड को हासिल करने के दौरान चार बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था।

जब चोपड़ा ने टोक्यो 2020 में स्वर्ण पदक जीता था, तब जान जेलेज्नी दोनों अन्य पदक विजेताओं जैकब वाडलेज (रजत) और विटेजस्लाव वेस्ली (कांस्य) के कोच थे। उन्होंने दो बार की ओलंपिक चैंपियन और तीन बार की विश्व चैंपियन बारबोरा स्पोटाकोवा को भी कोचिंग दी है।




# हरमनप्रीत सिंह को एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर पीआर श्रीजेश को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया

**मस्कट ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को साल 2024 के प्लेयर ऑफ द ईयर के खिताब से सम्मानित किया गया है, जबकि पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश को गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिला। यह पुरस्कार शुक्रवार को ओमान में 49वें एफआईएच स्टेच्युटरी कांग्रेस में आयोजित एक भव्य समारोह में दिए गए। विजेताओं की घोषणा एक विशेषज्ञ पैनल, नेशनल एसोसिएशन्स - उनके संबंधित राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों और कोचों - प्रशंसकों और मीडिया द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए वोट के बाद की गई।

हरमनप्रीत सिंह ने सभी पुरुष खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा वोट हासिल किए। पेरिस 2024 ओलंपिक में हरमनप्रीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 गोल किए, जिसमें क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और ब्रॉन्ज मेडल मैच में भी गोल शामिल थे। भारत ने इस मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार ओलंपिक पदक जीता।

टोक्यो 2020 ओलंपिक में भारतीय टीम ने 41 साल बाद पदक जीता था, और



हरमनप्रीत

टीम का अहम हिस्सा थे। उन्होंने पहले भी 2020-21 और 2021-22 में यह अवॉर्ड जीता था, लेकिन इस बार कप्तान के रूप में देश को ओलंपिक में पदक दिलाकर यह खिताब उनके लिए और खास हो गया है।

हरमनप्रीत ने कहा, मैं एफआईएच का धन्यवाद करना चाहता हूं। ओलंपिक के बाद घर वापस जाना और इतने सारे लोगों का स्वागत पाना बहुत खास था। मैं अपने सभी टीम साथियों का शुक्रिया अदा करता हूं क्योंकि उनके बिना यह संभव नहीं था। हॉकी इंडिया का भी धन्यवाद जो हमें हर स्तर पर सफल होने के मौके देता है। मेरी पत्नी और बेटी यहां हैं, और उनके सामने यह अवॉर्ड पाना मेरे लिए बहुत खास है।

दूसरी ओर, पीआर श्रीजेश ने पेरिस 2024 ओलंपिक में अपने करियर का अंत किया और दूसरी बार ओलंपिक पदक जीता। उन्हें तीसरी बार एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी मिला। श्रीजेश ने भारतीय टीम के लिए कई शानदार परफॉर्मेंस दिए, खासकर ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में, जहां टीम ने ज्यादातर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए जीत हासिल की। हरमनप्रीत सिंह की तरह श्रीजेश को भी सभी श्रेणियों के मतदाताओं से सबसे अधिक वोट मिले। अपने शानदार करियर में उनकी मदद करने वालों को धन्यवाद देते हुए, श्रीजेश ने कहा, मैं आज बहुत खुश हूं।

# दिल्ली में रन फॉर इल्यूजन में 7,000 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**नई दिल्ली ।** स्पेशल ओलंपिक भारत (एसओबी) द्वारा आयोजित ह्यरन फॉर इल्यूजनह्ल में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के 150 एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन और संगठनों के 7,000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

यह आयोजन आगामी विशेष ओलंपिक एशिया प्रशांत बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता की प्रस्तावना है, जिसने बहुप्रतीक्षित खेलों के लिए मंच तैयार कर दिया है।

इस दिन का संदेश था, 'ईच वन, रिच वन'। इन शब्दों से मैदान गूंज उठा, जब धावकों और समर्थकों ने बौद्धिक और विकासात्मक विकलांगता (आईडीडी) वाले लोगों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देने के लिए हाथ मिलाया।




रन फॉर इल्यूजनह्ल को भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय और सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा सहित नेताओं के एक प्रतिष्ठित समूह ने हरी झंडी दिखाई। उनके साथ स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष मल्लिका नड्डा, सांसद मनोज तिवारी और बांसुरी स्वराज भी शामिल हुए।

मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने इस पहल की दिल से सराहना की और इसे ह्यफिट इंडियाह्ल के दृष्टिकोण के साथ जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे दिव्यांग बच्चों को हमारे समाज में उनका उचित स्थान मिले और मैं इस अविश्वसनीय प्रयास का नेतृत्व करने के लिए स्पेशल ओलंपिक भारत को बधाई देता हूं।

इस अवसर पर पूर्व क्रिकेटर अतुल वासन, निखिल चोपड़ा और प्रसिद्ध क्रिकेट कोच गुरशरण सिंह भी उपस्थित थे।

# डब्ल्यूपीएल 2025: नीलामी से पहले खिलाड़ियों के चयन के लिए शिविर लगाएगी आरसीबी : रंगराजन

**नई दिल्ली ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सहायक कोच-सह-मुख्य स्काउट मालोलन रंगराजन ने खुलासा किया कि फ्रेंचाइजी अगले महीने होने वाली 2025 महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) नीलामी से पहले खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें शॉर्टलिस्ट करने के लिए शिविर लगाएगी।

गत विजेता आरसीबी ने स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, ऋचा घोष, सब्बीनेनी मेघना, श्रेयंका पाटिल, जॉर्जिया वेयरहम, आशा सोभना, रेणुका सिंह, सोफी डिवाइन, सोफी मोलिनक्स, एकता बिष्ट, कनिका आहूजा और केट क्रॉस को रिटेन किया है।

उन्होंने यूपी वॉरियर्स से व्यापार के माध्यम से डैनी व्याट-हॉज को प्राप्त किया और हीथर नाइट, नादिन डी क्लार्क, शुभा सतीश, दिशा कसाट, इंद्राणी रॉय, सिमरन बहादुर और श्रद्धा



पोखरकर को रिलीज किया।

अब और नीलामी के बीच जो होगा वह यह है कि हम अपने खिलाड़ियों के लिए कुछ शिविर लगाएंगे और मैं रुचि रखने वाली खिलाड़ियों के बारे में बताना चाहूंगा, जो हमें नीलामी के लिए खिलाड़ियों की अपनी शॉर्टलिस्ट बनाने में मदद करेगा और उम्मीद है कि यह थोड़ा और निश्चित हो जाएगा कि हमें किसे लक्षित करना है और हमारे पास बैकअप के रूप में कौन हो सकता है।

मालोलन ने फ्रैंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, इसलिए, दिसंबर में नीलामी के साथ, योजना नीलामी से पहले एक शिविर लगाने की होगी और

**गत विजेता आरसीबी ने स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, ऋचा घोष, सब्बीनेनी मेघना, श्रेयंका पाटिल, जॉर्जिया वेयरहम, आशा सोभना, रेणुका सिंह, सोफी डिवाइन, सोफी मोलिनक्स, एकता बिष्ट, कनिका आहूजा और केट क्रॉस को रिटेन किया है।**

उम्मीद है कि हमें वह टीम मिल जाएगी जिसकी हमें तलाश है।"

खिलाड़ियों के अपने मुख्य समूह को बनाए रखने के पीछे के विचार के बारे में पूछे जाने पर, मालोलन ने बताया, जहां तक कोचिंग स्टाफ का सवाल है, मुझे लगता है कि हमारे लिए यह याद रखना बहुत महत्वपूर्ण है कि पिछले सीजन में मैदान पर और मैदान के बाहर हमारे लिए क्या कारगर रहा और मैदान पर और मैदान के बाहर हमारे मुख्य मूल्यों को बनाए रखना।

उन्होंने कहा, यह हमारे निर्णयों को निर्धारित नहीं करना चाहिए, बल्कि हमारे निर्णयों का मार्गदर्शन करना चाहिए। इसलिए उन चीजों को ध्यान में रखते हुए, हम रिटेंशन के सेट के साथ आए। हमने इस बारे में भी बहुत सोचा कि हम पिछली नीलामी में कैसे भर्ती करना चाहते थे और हमने कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया। इसलिए यह एक साथ रखा गया और हमें आगे बढ़ने के लिए एक अच्छा कोर दिया।

# अर्जुन के 20 अंकों के बावजूद जयपुर की हार, पटना ने 2 अंक से हराया

**हैदराबाद ।** पहले सीजन की चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स को अपने स्टार रेडर अर्जुन देसवाल के 20 अंकों के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। कारण यह था कि पटना पाइरेट्स के लिए अयान (14) और देवांक (11) ने उनकी चमक फीकी की और इस तरह गाचीबावली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 41वें मैच में तीन बार के चैंपियन पटना ने जयपुर को 43-41 से हरा दिया।

पटना की सात मैचों में यह चौथी जीत है जबकि जयपुर के इतने ही मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा। यह मैच कितना रोमांचक था, इसका इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पहला डू ओर डाई रेड 32वें मिनट में आया।



दोनों टीमों ने अच्छी शुरूआत करते हुए 6 मिनट के खेल में 6-6 की बराबरी बना रखी थी लेकिन सातवें मिनट में लगातार दो अंक लेकर जयपुर ने 8-6 की लीड बना ली। इसी बीच पटना को एक अंक मिला लेकिन अर्जुन ने टो टच पर एक अंक लेकर पटना को सुपर टैकल सिचुएशन में डाल दिया। अगली रेड पर अर्जुन ने एक और शिकार कर पटना को आलआउट की ओर धकेल दिया।

अर्जुन अगली रेड पर फिर अंक लेकर लौटे औऱ फिर जयपुर ने पटना को आलआउट कर 14-10 की लीड ले ली। आलइन के बाद अपनी लीड 5 की कर ली। पटना ने हालांकि इसके बाद लगातार दो अंक लेकर स्कोर 13-16 कर दिया लेकिन अर्जुन ने सुपर रेड के साथ न सिर्फ अपना सुपर-10 पूरा किया बल्कि फासला भी 6 का कर दिया इस बीच अयान ने दो अंक लिए औऱ फिर डिफेंस ने अर्जुन को लपक कर स्कोर 16-19 कर दिया। फिर अयान ने अर्पित का शिकार कर जयपुर को सुपर टैकल सिचुएशन में डाल दिया। इसके बाद नीरज भी बाहर हो गए। जयपुर पर अब आलआउट का खतरा था। फिर जयपुर को आलआउट कर पटना ने 22-20 की लीड ले ली। बरहाल, पटना ने 25-21 स्कोर पर पाला बदला।

# इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले को जेम्स एंडरसन ने किया याद

**नई दिल्ली ।** जेम्स एंडरसन, जिनका अंतरराष्ट्रीय करियर जुलाई में लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के टेस्ट के साथ समाप्त हुआ, ने अपने संन्यास के बारे में याद करते हुए कहा कि उन्हें यह निर्णय लेने के लिए टीम प्रबंधन से संकेत की आवश्यकता थी।

एंडरसन के अंतरराष्ट्रीय संन्यास से पहले, जब उन्होंने 704 टेस्ट विकेट लिए थे, जो उनके देश के किसी भी गेंदबाज द्वारा लिए गए सर्वाधिक विकेट थे।

उन्हें मैनचेस्टर के डकोटा होटल में बुलाया गया था, जहां उन्हें ब्रेंडन मैकुलम, बेन स्टोक्स और रॉब की ने बताया था कि वे अगले साल होने वाली एशेज सीरीज से पहले नए तेज गेंदबाजों को मौका देने की सोच रहे हैं।

'मैं पहले भी ऐसी स्थिति में रहा हूं, जब एंड्रयू स्ट्रॉस ने कहा था कि हम एक अलग दिशा में जा रहे हैं (2022 में, केवल एंडरसन के कुछ ही महीनों



में वापस आने के लिए)। लेकिन इस बार, यह थोड़ा अधिक व्यक्तिगत लगा। मैं उस बैठक से खुश महसूस नहीं कर रहा था, लेकिन उतना गुस्सा भी नहीं था जितना मैंने सोचा था।

एंडरसन ने शनिवार को डेली मेल से कहा, संन्यास एक अजीब चीज है, हर कोई हमेशा कहता है कि आप एक दिन जागेंगे और सोचेंगे, मैं अब नहीं खेलूंगा। हालांकि, मुझे कभी यह समझ

**एंडरसन के अंतरराष्ट्रीय संन्यास से पहले, जब उन्होंने 704 टेस्ट विकेट लिए थे, जो उनके देश के किसी भी गेंदबाज द्वारा लिए गए सर्वाधिक विकेट थे। उन्हें मैनचेस्टर के डकोटा होटल में बुलाया गया था**

नहीं आया, मैंने सोचा कि मेरे पास और भी बहुत कुछ है इसलिए शायद मुझे किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत थी जो मुझे कंधे पर थपथपाए और मेरा समर्थन करें।

हालांकि, एंडरसन अब इंग्लैंड के लिए तेज गेंदबाजी कोच की भूमिका में आ गए हैं, लेकिन 2025 आईपीएल मेगा नीलामी के लिए उनका नाम सामने आना क्रिकेट जगत के लिए एक बड़ा सरप्राइज था। एंडरसन ने आखिरी बार 2014 में टी20 मैच खेला था ।



# सूर्या ने हर हाल में मेरा समर्थन करने का आश्वासन दिया था: सैमसन

**नईदिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डरबन में 47 गेंदों में शतक जड़ने के बाद भारत की 61 रनों की जीत की नींव रखने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने खुलासा किया है ।

कि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उन्हें अगले सात टी20 मैचों में पारी का आगाज करने के बारे में बताया है और नतीजे चाहे जो भी हों, वो उन्हें सपोर्ट करेंगे।

किंग्समीड में सैमसन ने शानदार टाइमिंग और बेहतरीन शॉट्स का प्रदर्शन करते हुए 107 रन की पारी में 7 चौके और 10 छक्के लगाए और पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में लगातार दो शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज और कुल मिलाकर चौथे बल्लेबाज बन गए।

सैमसन ने ब्रॉडकास्टर जियोसिनेमा से कहा, दलीप ट्रॉफी में खेलते समय, सूर्या मेरे पास आए और कहा, 'आपके पास अगले सात मैच हैं।

आप इन सात मैचों में ओपनिंग करेंगे, और मैं आपका समर्थन करूंगा चाहे कुछ भी हो जाए।' मेरे करियर में पहली बार मुझे इतनी स्पष्टता मिली, जिससे मुझे आत्मविश्वास मिला। टीम प्रबंधन पिछले कुछ मैचों के लिए स्पष्ट रहा है कि मैं ओपनिंग करूंगा।"

अब मैं बस अपने देश के लिए किसी भी तरह से योगदान देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। इसमें मेरी बहुत कड़ी मेहनत शामिल है।

सफलता असफलताओं और संदेहों के साथ आती है; लोग कई सवाल पूछते हैं। आप खुद से कई सवाल पूछते हैं।

इसलिए, अगर मुझे इस तरह का मैच मिल रहा है, तो मुझे लगता है कि यह इन 9-10 सालों के इंतजार के लायक है। मैं अब जो हो रहा है उससे बहुत खुश हूं।

उन्होंने टी20 में बल्लेबाजी करते समय अपने आक्रामक दृष्टिकोण के बारे में भी बताया। मुझे अपनी शॉट-मेकिंग क्षमता पर भरोसा है। मैं हर गेंद पर आक्रामक मानसिकता के साथ खेलता हूं।

इस दृष्टिकोण के साथ, सफलता और असफलता दोनों की संभावना होती टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में मैंने कभी निरंतरता के बारे में नहीं सोचा, अगर कोई गेंद हिट करने लायक२२२२ है, तो मेरे लिए उसका फायदा उठाना जरूरी है।

# वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई ने शानदार गेंदबाजी की : मार्क बाउचर




**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर और मुख्य कोच मार्क बाउचर ने डरबन में टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत को 61 रनों से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली स्पिन जोड़ी रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती की प्रशंसा की है।

भारत के स्कोर 202/8 के बचाव में बिश्नोई और चक्रवर्ती ने मिलकर छह विकेट चटकाए और प्रोटियाज पर दबाव बनाए रखा। उन्होंने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि 53 रन दिए। इसका मतलब यह हुआ कि दक्षिण अफ्रीका कभी भी खुलकर नहीं खेल पाया और 17.5 ओवर में 141 रन पर आउट हो गया, जिससे भारत ने चार मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

मैच के बाद मार्क बाउचर ने ब्रॉडकास्टर जिओसिनेमा से बात करते हुए कहा, वरुण चक्रवर्ती ने बहुत तेजी से प्रगति की है।

आज रात उन्होंने बिश्नोई के साथ जिस तरह से गेंदबाजी की, उन दोनों के बीच शानदार साझेदारी रही। क्लासेन लय में नहीं दिखे, ईमानदारी से कहूं तो ऐसा नहीं लग रहा था कि वह अच्छे फॉर्म में हैं।

उन्होंने आगे कहा, वे कभी भी पूरी ताकत से नहीं खेल रहे थे, हमेशा ऐसा लग रहा था कि कुछ न कुछ छूटने वाला है। मुझे लगता है कि उन्होंने दबाव बनाने के लिए खेल में किसी समय 9 गेंदों पर सिर्फ तीन रन दिए थे। उन्होंने वास्तव में ऐसा दिखाया कि यह मुकाबला लड़कों के खिलाफ पुरुषों का था। उन्होंने लेग स्पिनर बिश्नोई की दूसरी पारी में सीम पोजीशन बदलने के लिए भी प्रशंसा की।

## न्यूज डायरी

### बिजली गुल - टेंशन फुल : लोनी में सप्लाई बाधित होने से लोग हुए परेशान

**लोनी, गाजियाबाद।** पाबी ट्रांसमिशन बिजलीघर की मेंटिनेंस के लिए शनिवार को लोनी के सभी बिजलीघरों की सप्लाई बंद रही। जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि बिजलीघरों में मेंटिनेंस और विद्युत लाइनों से टच हो रहे पेडों की छटाई के लिए रविवार को रूपनगर -1 और 2, चमन विहार, पाबी, लालबाग, चिरोडी, सिकरानी आदि बिजलीघरों की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक बंद रहेगी। जबकि इंडस्ट्रियल फीडर भी सुबह 9 और 10.30 से चार घंटे और एक घंटे के लिए बंद रहेंगे। अधिशासी अभियंता ने बताया कि सर्दी के मौसम में बिजली के तारों और पेडो पर ओस पड़ती है। जिसके कारण पेडों में करंट उतर आता है और लाइन बार बार ट्रिप करती है। जिसके कारण उपभौक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति नही मिल पाती है। इस समस्या से बचने के लिए ही विद्युत लाइनों से टच हो रहे पेड़ों की छटाई कराई जा रही है।

### ट्रक और कार की टक्कर में दो की मौत, एक घायल



**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रक और कार की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि उनका तीसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने तीनों को उपचार के लिए लोनी के संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन आरिफ की मौत हो गई। जबकि रविन्द्र की गंभीर हालत देखते हुए उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रैफर किया था, लेकिन वहां शनिवार सुबह करीब पांच उसने भी दम तोड़ दिया। साजिद को उपचार के बाद छुटटी मिल गई है। एसीपी लोनी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है, उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### फैक्टरीकर्मी से लूट और मारपीट

**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी से रात में 12 बजे काम से वापस घर लौट रहे फैक्टरीकर्मी से रास्ते में तीन युवकों ने 15800 रुपए तथा चांदी की चार अंगूठी लूट ली और उसे पीट पीटकर अधमरा कर दिया। पीडित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी सीमा से सटे दिल्ली के चौहान पटटी गांव का रहने वाला यूसूफ ट्रॉनिका सिटी की एक फैक्टरी में काम करता है। बुधवार को उसे वेतन मिला था। रात में फैक्टरी से छुटटी होने के बाद रात में करीब 12 बजे अपने घर वापस लौट रहा था। जैसे ही सत्यम चौक के पास पहुंचा वहां तीन युवकों ने उसे जबरन रोक लिया तथा उसकी जेब से 15800 रुपए की नगदी लूट ली तथा उसे पीट पीट कर अधमरा कर दिया। पीडित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### यूपीसीडा की 47वीं बोर्ड बैठकआयोजित

**लोनी, गाजियाबाद।** यूपीसीडा की 47वीं बोर्ड बैठक में आवासीय भूखंडों पर समय विस्तारण शुल्क की देयता लागू करने का निर्णय लिया गया है। यूपीसीडा की परियोजना अधिकारी शर्मिला पटेल ने बताया कि 47वीं बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया है कि आवासीय भूखंडों के आवंटन/हस्तान्तरण के उपरान्त 90 दिनों तक कोई ब्याज नही लगेगा, लेकिन इसके बाद 91 से 180 दिनों तक प्रचलित ब्याज दर पर धनराशि प्राप्त करते हुए पटटा विलेख निष्पादन की कार्रवाई की जाएगी। जबकि उक्त अवधि में पटटा विलेख विलेख नही कराने पर भूखंड का आवंटन स्वत: निरस्त माना जाऐगा। यदि आवंटी 180 दिवस से पूर्व समय विस्तारण हेतु आवेदन करता है तो उसे प्रथम वर्ष एक प्रतिशत तथा द्वितीय वर्ष के लिए दो प्रतिशत का समय निर्धारित किया गया है। समय विस्तारण के दो वर्ष के बाद भी पटटा विलेख निष्पादित नही कराया जाता है तो भूखंड स्वत: निरस्त माना जाऐगा।

यूपीसीडा द्वारा पूर्व आवंटित भूखंडों के आवंटियों को निर्माण के लिए एक वर्ष का समय निशुल्क देने का निर्णय लिया गया है। जबकि उसके बाद समय विस्तारण शुल्क की देयता प्रभावी होगी।

## शहादत दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुनीता दयाल ने की






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महावीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन गुरजिन्दर सिंह सूरी को 25वें शहादत दिवस पर शनिवार को शास्त्री नगर पार्क में पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कर्नल टी पी सिंह सूरी परिवार, ले. जन. के एस मान, ले. जन. जी. एस. चंदेल, मेजर जनरल मनोज नटराजन, मेजर जनरल नारंग, महापौर सुनीता दयाल, मृणालनी सिंह, ब्रिगेडियर सोनल, ब्रिगेडियर पी. मिश्रा, कर्नल राकेश कौल, कर्नल संदीप पांडे, कर्नल अमित भटनागर, कैप्टन जिशा चाहर, सरदार एस पी सिंह, हरप्रीत सिंह जग्गी, अतुल जैन, परमजीत सिंह, अमरदत्त शर्मा, वी के हनुमान, नेहरू वर्ल्ड स्कूल के के.पी. सिंह, मिलिंद स्कूल आदि ने पुष्प अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी।

महापौर सुनीता दयाल, ले. जन. जी एस चंदेल, ले. जनरल के एस मान व मृणालिनी सिंह ने अपने देश के वीर जवानों से प्रेरित होकर राष्ट्र सेवा में सदैव अग्रणी भूमिका में रहने का आह्वान किया। सिंह द्वारा सैनिक अधिकारियों, सुनीता दयाल, मृणालनी सिंह, सरदार एस पी सिंह, हरप्रीत सिंह जग्गी, नेहरू वर्ल्ड स्कूल, मिलिंद एकेडमी, गुरु नानक कन्या इन्टर कॉलेज, बी के बंसल, 12 बटालियन बिहार बोर व अन्य आये अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुनीता दयाल ने की और संचालन सरदार एसपी व एडवोकेट बी के बंसल ने किया।

## राजकीय हाईस्कूल नूरपुर में हुआ करियर मेले का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजकीय हाईस्कूल नूरपुर, मुरादनगर, गाजियाबाद में शनिवार को करियर मेले का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वागतगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर सतीश कुमार पांडे (एडीआईओएस), चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल राजेंद्र कुमार (डिप्टी डायरेक्टर, फॉरेंसिक लैब), सतीश चंद्र और प्रशांत जी (इंजीनियर, के एन मोदी पॉलीटेक्निक इंस्टीट्यूट), ओमवीर सिंह गौतम ( बैंक मैनेजर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया) डॉ. रेशु त्यागी, डॉ. जया, अंजलि भारद्वाज, प्रिया दुबे (डॉक्टर्स टीम), मानविका गौतम (स्पोर्ट्सपर्सन), तन्वी गौतम और उत्कर्ष श्रीवास्तव (करियर काउंसलर), गौरव (ओ टी टेक्नीशियन), दो विशेषज्ञ (मोनोर्ड यूनिवर्सिटी, हापुड़ ) आदि विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को पौधे भेंट कर उनका सम्मान किया गया। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न करियर से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। अतिथियों ने मेले में लगाए गए स्टॉल पर जाकर विद्यार्थियों से वार्ता की और विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

## शिप्रा सनसिटी सीनियर सिटीजन लाफ्टर क्लब ने बदल दी जिंदगी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हर साल मई के पहले रविवार को वर्ल्ड लाफ्टर डे मनाया जाता है। यह दिन पूरी तरह से हंसी-मजाक को समर्पित है। इस दिन में अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। ताकि बढ़ रहे स्ट्रेस और डिप्रेशन जैसी दिक्कत से हंसना भूल चुके लोगों को इसके फायदों के बारे में बताया जा सके। इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी सीनियर सिटीजन लाफ्टर क्लब बना हुआ है जो हर रोज शिप्रा सेंसिटिव फेस टू जॉगर्स पार्क में एक घंटा क्लास लगती है। लाफ्टर क्लब में सीनियर सिटीजन खूब ठहाके लगाकर हंसते और दूसरे को हंसाते हैं। यह क्रम रोज सुबह 7 से 8 बजे तक चलता है।

क्लब के अध्यक्ष मोहनलाल मेहता, वी पिंटू तोमर ने बताया कि जीवन में 14 साल से यह हास्य योग कर रहा हूं। इससे समझ में आया है कि हंसना उतना ही जरूरी है जितना सांस लेना। हंसना एक नेचुरल चीज है। बच्चों को कोई हंसी नहीं सिखाता है। दिक्कत बड़े होकर आती है, लोग जैसे हंसना तो भूल ही गए हैं, अगर हंसना वापस आ जाए तो शरीर को हेल्दी बनाए रखा जा सकता है। लाफ्टर क्लब के सदस्य पिंटू तोमर ने कहा कि जीवन में अब हंसी ही महत्व रखती है, यही सीखा मैंने, इसी के चलते मेरी सेहत सुधरी है।

पवन शर्मा ने बताया कि अब हमें पहले से ज्यादा हंसने की जरूरत है। विशेषकर कोरोना के बाद से तो लोग हंसना लगभग भूल ही गए हैं। वे प्यार और हंसने को दुनिया की सबसे शक्तिशाली भावना मानते हैं। जिसको आपस में साझा करने के लिए किसी भाषा की आवश्यकता नहीं होती। आज के जीवन की परेशानियों से उभरकर खुलकर 30 मिनट तक हंस लेना पूरे दिन को अवसाद नेगेटिविटी से दूर कर सकारात्मकता की ओर ले जाता है। उन्होंने बताया जैसे ही पार्क में तालियों की आवाज मुझे आई थी, उसके बाद मैंने लाफ्टर क्लब ज्वाइन किया, यह क्लब 2010 से चल रहा है निरंतर इसमें सदस्य बढ़ रहे हैं।

## वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति गाजियाबाद ने छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम किया आयोजित

### 177 मेधावी छात्र-छात्राओं को 7 लाख रुपए की धन राशि की गई वितरित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने 'छात्रवृत्ति वितरण समारोह' शनिवार को प्रातः10 बजे रोटरी क्लब दयानन्द नगर गाजियाबाद के सभागार में डाक्टर जे. एल. रैना की अध्यक्षता में आयोजित किया। इस अवसर पर समिति के महासचिव आर के गुप्ता ने सदन को समिति के उद्देश्यों व विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। तत्पश्चात शहर के विभिन्न स्कूलों के 177 मेधावी व जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को 7 लाख रुपए की धन राशि छात्रवृत्ति के रूप में वितरित की गई। शिक्षा प्रकल्प प्रभारी ए के गुप्ता ने बताया यह धन राशि समिति के सदस्यों व दूसरे दानदाताओं द्वारा एकत्रित की गई है।

### शिक्षा से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है : डाक्टर रैना

करंट क्राइम। समिति अध्यक्ष डाक्टर रैना ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप ही देश का भविष्य हो, शिक्षा से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है। अतः खूब मन लगाकर पढ़ाई करो और देश के जिम्मेदार नागरिक बनो। पढ़ाई में तुम्हें पैसे की कमी नहीं होगी, इसके लिए समिति हमेशा तैयार है। अध्यक्ष डॉक्टर रैना ने दानदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई में पैसे की कमी ना हो इसके लिए समिति को हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने सभी उपस्थितजनों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। राष्ट्रगान के साथ समारोह समाप्त हुआ। इस अवसर पर वी पी रस्तोगी, रंजना भार्गव, एल डी शर्मा, हरिपाल सिंह, विनोद भार्गव, एम बी भारद्वाज, वी के शर्मा, प्रवीण अरोरा, वीपी सिंह, अनिल चौधरी, डी के शर्मा, आर एन सक्सेना, अरविंद सिंघल, रेखा रस्तोगी, मिथलेश बंसल, शशि शर्मा सहित काफी संख्या में सदस्य व मातृशक्ति उपस्थित रहे।

## पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने गर्भवती महिलाओं को पोस्टिक आहार सामग्री वितरित की



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर महीने की 9 तारीख को मातृ दिवस मनाया जाता है। शनिवार को वैशाली स्थित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पर पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य वर्धक सामग्री वितरित की गई। लगभग 60 महिलाओं को यह सामग्री दी गई। पार्षद मनोज गोयल ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर वहां की प्रबंधक डॉक्टर रितु वर्मा, रश्मि, पवित्र, रोशन, मोहित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




## डीजीपी का आदेश बढ़ाएगा टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में उत्तर प्रदेश के पुलिस प्रमुख के एक आदेश के बाद कई अधिकारियों और प्रभारियों की टेंशन अभी से बढ़नी शुरू होना बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रमुख ने एक आदेश जारी किया है कि जिन मामलों में 7 साल से कम की सजा है, उन मामलों की कार्रवाई और फाइनल रिपोर्ट पुलिस दो सप्ताह के भीतर तैयार करें ताकि उसमें वादी प्रतिवादी को क्षमा और सजा का जल्द से जल्द प्रावधान हो सके। इसके बाद सूत्र बता रहे हैं कि कई थानों में पूर्व में दर्ज ऐसे मुकदमों की जांच शुरू कर दी गई है। तो कई थानों में मुंशी अब दैनिक काम छोड़कर सात साल से कम की सजा वाले मामलों की लिस्ट तैयार कर रहे हैं। उधर सुनने में यह आया है कि भले यह आदेश अभी आया हो लेकिन इसकी तैयारी बहुत दिनों से चल रही थी। अब पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले एक-दो दिन में तीनों ही जोन के डीसीपी के कार्यालय में सभी एसीपी को बुलाकर इस मामले का संज्ञान और सख्ती से तैयारी कराने के निर्देश मिलने वाले हैं।



उधर लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों सोशल मीडिया पर एक जानकारी आ रही है कि आने वाले दिनों में प्रत्येक थाने पर 15-15 दिन के लिए तैनात किए जाएंगे। अब यह पुलिसकर्मियों पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए है या उनके वर्क लोड के बंटवारे के लिए लेकिन देखना होगा कि इस नई वाली व्यवस्था का पालन कब से होता है और इसका कितना फायदा होता है। वैसे देर रात इस मामले में डीजीपी कार्यालय ने ऐसे किसी आदेश होने का खंडन भी कर दिया था। वैसे सूत्र बताते हैं की साइकिल वालों की सरकार में एक-एक थाने में तीन-तीन इंस्पेक्टर्स की तैनाती की जाती थी। जिसमें एक मुख्य, दूसरा क्राइम और तीसरा कानून व्यवस्था की कमान संभालता था लेकिन थाने की जीडी और मुंशी के फोन पर आदेश मुख्य प्रभारी का ही मान्य होता था। कुल मिलाकर जिस तरीके से पुलिस सिस्टम में तेज गति से थ्री-स्टारों की संख्या बढ़ रही है, तो आने वाले दिनों में उनकी वर्किंग टेंशन बढ़ेगी और वर्क का लोड आएगा हो सकता है इसी को कम करने के लिए यह विचार किया गया हो। उधर लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ वाले पुलिस प्रमुख साहब का यह आदेश आने के बाद पुलिस कमिश्नरेटों में भी कुछ दिनों में इसकी हलचल तेज होगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि उपचुनाव वाली आचार संहिता के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में कुछ प्रभारियों से लेकर एसीपी और उससे ऊपर वाले स्तर पर भी कुछ फेस और उनके प्लेस बदलने की भी जानकारी कमिश्नरेट सिस्टम में आने की प्रबल संभावना बनी हुई है।

## गोपाष्टमी पर निगम अधिकारियों तथा गौ प्रेमियों ने किया गौ पूजन, दीपों से सजाई नंदिनी पार्क गौशाला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम की नंदिनी पार्क गौशाला में गाय का पूजन कर गोपाष्टमी मनाई गई। निगम अधिकारियों सहित गौ प्रेमियों ने भी पहुंचकर गाय का पूजन किया, गौ माता को गुड़ खिलाकर माला भी पहनाई गई तथा तिलक किया गया।

उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज द्वारा बताया गया नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार इस बार गोपाष्टमी पर्व भव्य रूप से मनाया गया। दीपावली की तरह ही नंदिनी पार्क गौशाला को दीपों से सजाया गया। विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। इसी के साथ-साथ गौ प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक गोपाष्टमी मनाई। सभी गोवंशों को अपने हाथ से गुड़ खिलाया तथा वहां कार्य करने वालों को मिठाई भी बांटी गई मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशीष भी उपस्थित रहे।

### गौ वंशों का निगम रख रहा है विशेष ध्यान, गौ प्रेमियों में भी गौ सेवा को लेकर उत्साह : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त के नेतृत्व में गौवंशों के रहने के स्थान पर विशेष रूप से उत्सव मनाया जा रहा है जो कि सराहनीय हैं। शहर में गोवंश का पूजन करने वालों के द्वारा भी नंदिनी पार्क गौशाला पहुंचकर गोवंशों की सेवा भी की जा रही है। मौके परउप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम नंदिनी पार्क गौशाला में बेहतर व्यवस्थाओं के साथ जुटा हुआ है। इसी के साथ देखने में आ रहा है गौ प्रेमी भी गौ सेवा को लेकर विशेष रूप से गोवंशों का ध्यान रख रहे हैं जो कि सराहनीय हैं।

## पार्षद लिखी कार बेकाबू हुई

### कई वाहनों से टकराई, कोचिंग सेंटर के बोर्ड को किया क्षतिग्रस्त



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र के सेक्टर 5 खैतान स्कूल के पास एक वैगनार कार तेज रफ्तार में बेकाबू हो गई। बेकाबू कार ने कोने में खड़े कई वाहनों को टक्कर मार दी। साथ ही एक कोचिंग सेंटर का बोर्ड भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

इस दौरान गनीमत रही कि वहां कोई खड़ा नहीं था। टक्कर लगने के बाद कार रुक गई और कार चालक मौके से फरार हो गया। कार पर पार्षद का स्टीकर लगा हुआ है। गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद क्षेत्र के सेक्टर 5 में खैतान पब्लिक स्कूल के पास एक कार बेकाबू हो गई। यह कार तेज रफ्तार थी। तेज रफ्तार कार ने कोचिंग सेंटर के बाहर खड़े कई वाहनों में टक्कर मार दी। साथ ही कोचिंग सेंटर का बोर्ड भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे का सीसीटीवी भी सामने आया है। थाना प्रभारी साहिबाबाद योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद कार चालक कार को छोड़कर फरार हो गया। कार पर पार्षद का स्टीकर लगा हुआ है। एक शख्स जिसकी स्कूटी वहां खड़ी थी जो क्षतिग्रस्त हुई है। उसकी तरफ से मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। साथ ही कार चालक की तलाश की जा रही है।

## सांसद अतुल गर्ग ने तिब्बत बाजार का दीप प्रज्वलित कर किया विधिवत शुभारम्भ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रामलीला मैदान घंटाघर पर पिछले 18 वर्षों से तिब्बत बाजार लगता रहा है। शनिवार को सांसद अतुल गर्ग ने फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर तिब्बत बाजार का विधिवत शुभारम्भ किया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरो बाबा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष शीतकाल में तिब्बती व्यापारी गर्म कपड़ों की बिक्री के लिए रामलीला मैदान में बाजार लगाते हैं। इस बाजार में गाजियाबाद की जनता के साथ-साथ नजदीक के जिलों से भी लोग खरीदारी करने आते हैं। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि तिब्बत पर चाइना के कब्जे के बाद तिब्बत के निवासी देश भर में व्यापार कर अपने परिवार का गुजारा कर रहे हैं। हम सभी को इनका हरसम्भव सहयोग करना चाहिए। अतुल गर्ग ने रामलीला कमेटी व बाजार लगाने वाली कमेटी का साधुवाद करते हुए कहा कि इस बाजार में हर श्रेणी का व्यक्ति अपनी आवश्यकता व जेब के अनुसार खरीदारी कर सकता है। इन अवसर पर सुधा गर्ग, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल, कार्यवाहक महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे, अनिल चौधरी, पार्षद नीरज गोयल, मोहित मित्तल, अंकुर अग्रवाल, नंदकिशोर शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सुंदर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज में वेब डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज में शनिवार को एक सफल वेब डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को वेब डेवलपमेंट की बुनियादी जानकारी और उन्नत विधियों के बारे में अवगत कराना था। कार्यशाला का उद्घाटन वाइस चांसलर प्रो. डॉ. प्रसन्नजीत कुमार ने किया, उन्होंने बताया कि आज के युग में वेब डेवलपमेंट एक महत्वपूर्ण कौशल बन चुका है। इसके बाद मिस्टर कमाल हसन ने छात्रों को वेब डेवलपमेंट की तकनीकों जैसे वेब डिजाइनिंगऔर विभिन्न वेब फ्रेमवर्क के बारे में बताया।

छात्रों ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया और विभिन्न वेब फ्रेमवर्क पर काम किया। कार्यशाला में पेशेवर वेब डेवलपर द्वारा लाइव डेमो और हैंड्स-ऑन सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए डायरेक्टर एसडीईसी प्रो. (डॉ) संदीप गुप्ता,बीसीए विभागाध्यक्ष योगिता कौशिक, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. राम मिलन, प्रो. डॉ. गवेंद्र सिंह, पायल गोयल, कपिल सिंघल, केशव शर्मा, वंदना शर्मा को धन्यवाद दिया गया।

## प्रोफेसर अनबरसु अलादियान सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र के लिए सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गलगोटिया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा में 'एआई' विषय पर आईईईई द्वारा प्रायोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सीईईटी-2024 में 'एआई' कार्यान्वयन के परीक्षण परिणामों के साथ स्केलेबल जावा अनुप्रयोगों, क्लाउड सेवाओं के साथ स्प्रिंग बूट को एकीकृत करने के लिए और सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए प्रोफेसर अनबरसु अलादियान को सम्मानित किया गया। प्रो. अनबरसु वर्तमान में कॉम्प्यूनल इंक. में कार्यरत हैं। अनबरसु अलादियान एक अनुभवी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, जिन्हें आर्किटेक्चर और सिस्टम डिजाइन, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और व्यावहारिक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में व्यापक विशेषज्ञता हासिल है। अनबरसु ने विभिन्न उद्योगों में कई उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में कई शोध लेख भी प्रकाशित किए हैं, जिनमें कंप्यूटिंग और संचार में हालिया और नवाचार रुझान, इंजीनियरिंग प्रणाली में अनुप्रयोग, संचार नेटवर्क और सूचना सुरक्षा और इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान पर अंतर्राष्ट्रीय लेख शामिल हैं। अपने शोध के अलावा अनबरसु ने विभिन्न पत्रिकाओं और सम्मेलनों के लिए समीक्षक के रूप में भी काम किया है और कई अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में संपादकीय पदों पर रहे हैं। तकनीकी क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए उनके समर्पण को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के पौत्र तथा मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के भतीजे मोहित त्यागी का वाग्दान समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। गिरीश त्यागी के सुपुत्र मोहित त्यागी को बधाई शुभकामनाए आशीर्वाद शुभाशीष देने के लिए राजनीति के गणमान्य लोग पहुंचे। समाज के तथा क्षेत्र के हजारोंगणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर त्यागी परिवार को बधाई शुभकामनाए दी।

# पाकिस्तान में खूनी खेल जारी; क्वेटा रेलवे स्टेशन पर बम विस्फोट, 24 लोगों की मौत की खबर, 46 घायल

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशन पर शनिवार को शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ। इस दौरान में कम से कम 24 लोग मारे गए। धमाके में 46 अन्य घायल बताए जा रहे हैं। धमाका प्रांतीय राजधानी क्वेटा के रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हुआ, जब यात्री पेशावर के लिए जाफर एक्सप्रेस के निर्धारित प्रस्थान से पहले प्लेटफॉर्म पर जमा हुए थे।

क्वेटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ऑपरेशन मुहम्मद बलूच ने कहा कि प्रारंभिक निष्कर्ष आत्मघाती बम विस्फोट की ओर इशारा करते हैं। विस्फोट में 24 लोग मारे गए। पीड़ितों की संख्या बढ़ भी सकती है। क्वेटा डिवीजन के आयुक्त हमजा शफकत ने कहा कि यह एक आत्मघाती हमला था। आत्मघाती हमलावर सामान के साथ स्टेशन पर ही था। हमारी तमाम



मशक्कतों के बाद भी आत्मघाती हमला करने के इरादे से आने वाले व्यक्ति को रोकना मुश्किल होता जा रहा है।

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह एक जातीय बलूच अलगाववादी समूह है, जिसे आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है।

बीएलए का आरोप है कि संघीय सरकार बलूचिस्तान के संसाधनों का दोहन कर रही है, जबकि प्रांत के विकास की उपेक्षा की जा रही है। हालांकि, संघीय सरकार इन आरोपों को खारिज करती है।

प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि विस्फोट रेलवे स्टेशन के बुकिंग कार्यालय में हुआ। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के अनुसार, बचाव और कानून प्रवर्तन टीमों ने तुरंत मोर्चा संभाला और इलाके की घेराबंदी कर हालात पर काबू पाने की कोशिश की। घायलों और मृतकों को सिविल अस्पताल क्वेटा पहुंचाया गया।

### रेलवे स्टेशन के बुकिंग कार्यालय में हुआ धमाका

प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि विस्फोट रेलवे स्टेशन के बुकिंग कार्यालय में हुआ। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के अनुसार, बचाव और कानून प्रवर्तन टीमों ने तुरंत मोर्चा संभाला और इलाके की घेराबंदी कर हालात पर काबू पाने की कोशिश की। घायलों और मृतकों को सिविल अस्पताल क्वेटा पहुंचाया गया।

### प्लेटफॉर्म की छत को भी नुकसान पहुंचा

बताया गया कि अस्पताल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है, जहां घायलों के इलाज के लिए अतिरिक्त चिकित्सा कर्मचारियों को बुलाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि अब तक 46 घायलों को अस्पताल से बाहर निकाला जा चुका है। विस्फोट से प्लेटफॉर्म की छत को भी नुकसान पहुंचा है।

# ट्रंप को बधाई देकर फंसे पीएम शहबाज कानून के उल्लंघन का लगा आरोप

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देना उनके लिए भारी पड़ गया है। उन पर अपनी ही सरकार के दौरान बनाए गए कानूनी नियमों के



उल्लंघन का आरोप लगा है। यह पूरा मामला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से जुड़ा है। दरअसल, एक्स को पाकिस्तान में प्रतिबंधित किया गया है। यह बैन खुद शहबाज शरीफ की सरकार ने लगाया था। हालांकि, शहबाज की तरफ से एक्स पर पोस्ट ने अब उनके लिए ही मुसीबत खड़ी कर दी है। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इस पाखंडी बैन और वीपीएन के इस्तेमाल का आरोप लगाकर शरीफ को घेरा है।

शहबाज शरीफ ने 6 नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए ट्रंप को बधाई दी थी। इसमें उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ आगे करीब से काम करने की इच्छा जताई थी। इसके बाद उनके पोस्ट पर कुछ ही देर बाद एक कम्युनिटी नोट नजर आने लगा। इस पोस्ट में साफ कहा गया कि पीएम शहबाज शरीफ ने खुद एक्स को पाकिस्तान में प्रतिबंधित किया है।

# भारत के साथ रिश्ते बढ़ाने को अहम उपलब्धि मानता है बाइडन प्रशासन, राष्ट्रपति चुनाव के बाद बोले रक्षा मंत्री

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के लिए राष्ट्रपति बाइडन के कार्यकाल के दौरान भारत के साथ रिश्ते बढ़ाना एक अहम उपलब्धि रहा है। यह कहना है कि अमेरिका के मौजूदा रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन का।

उन्होंने शुक्रवार को डेमोक्रेट पार्टी के नेता के व्हाइट हाउस में रहने के दौरान के कुछ अहम फैसलों और उपलब्धियों को गिनाया। इनमें नाटो को मजबूत करना, यूक्रेन को मदद दिलाने के लिए 50 देशों को साथ लाना शामिल है। ऑस्टिन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के काम को बेहतरीन करार दिया है ।

### रक्षा मंत्री ने और किन-किन उपलब्धियों का जिक्र किया?

लॉयड ऑस्टिन ने कहा, ₹जब हम सत्ता में आए तो हमें फिलीपींस से निकाला जाने वाला था। लेकिन हम उस स्थिति से 180 डिग्री पर हैं। यानी अब हमारे फिलीपींस से बेहतरीन रिश्ते



हैं और हम साथ काम करना जारी रख रहे हैं हैं।₹ उन्होंने कहा, ₹अगर आप ऑकस (ऑस्ट्रेलिया-यूके-यूएस) के गठबंधन को देखें तो इसके पास पीढ़ियों की क्षमता होगी, जो कि आगे जाकर बड़ा फर्क पैदा करेगी।

₹ बता दें कि ऑकस गठबंधन के तहत यह तीनों देश साथ में परमाणु पनडुब्बी के निर्माण के लिए तैयार हुए हैं।

ऑस्टिन ने कहा कि बाइडन प्रशासन के दौरान भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते और बेहतर हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, ₹हम जब अमेरिका में सत्ता में आए तबसे जापान ने अपनी रक्षा में निवेश को दोगुना किया और लिस्ट काफी लंबी है। इसलिए चाहे यूक्रेन के समर्थन और वहां सुरक्षा के लिए सहायता प्रबंधन की बात हो या इस्राइल के स्वायत्त क्षेत्र की रक्षा में मदद की बात हो, हमने इसके लिए काम किया।

# पाकिस्तान में खतरनाक स्तर पर पहुंचा प्रदूषण, मुल्तान में एक्यूआई 2000 के पार, कई शहरों में लगा लॉकडाउन

**मुल्तान ।** पाकिस्तान में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। पंजाब राज्य के इलाकों में धुंध के चलते स्थिति बिगड़ रही है। मुल्तान शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) दो हजार के पार पहुंच गया। इसके चलते पंजाब राज्य सरकार हाई अलर्ट पर है।

साथ ही राज्य के कई शहरों में लॉकडाउन लगाया गया है। राज्य में 17 नवंबर तक पार्क और संग्रहालय बंद कर दिए गए हैं। इसके साथ ही बाजार को जल्दी बंद करने और लोगों के फेस मास्क लगाने के लिए कहा गया है।

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक पंजाब राज्य के सबसे बड़े शहर मुल्तान में शुक्रवार सुबह आठ बजे से नौ बजे के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 2135 दर्ज किया गया। इसके साथ ही हवा में पीएम



2.5 की सांद्रता 947 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर दर्ज की गई, जोकि डब्ल्यूएचओ की ओर से तय किए गए मानक से 189.4 गुना ज्यादा रही। मुल्तान में रात 10 बजे एक्यूआई 980 रहा।

इसके साथ ही डब्ल्यूडब्ल्यूएफ पाकिस्तान कार्यालय, शमसाबाद कॉलोनी और मुल्तान कैंट क्षेत्र में एक्यूआई क्रमशः 2316, 1635 और 1527 दर्ज किया गया।

वहीं मुल्तान से सटे बहावलपुर, मुजफ्फरगढ़ और खानेवाल में भी धुंध की चादर दिखी, इससे दृश्यता कम रही। प्रदूषण स्तर बढ़ने के चलते मुल्तान के सबसे बड़े निश्तार अस्पताल की ओपीडी और आपातकालीन वार्ड में दो स्मॉग काउंटर स्थापित किए गए हैं।

### बाजार जल्दी बंद करने के निर्देश

मुल्तान के डिप्टी कमिश्नर वसीम हामिद सिंधु ने बताया कि शहर में स्मार्ट लॉकडाउन लगाया गया है। इसके तहत बाजार को रात आठ बजे तक बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

# डच पीएम बोले- एम्स्टर्डम में इस्राइलियों पर हमले से शर्मिंदा, बाइडन ने कहा- यहूदी विरोधी हमले घृणित

**एम्स्टर्डम ।** नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ ने शुक्रवार को एम्स्टर्डम में इस्राइली फुटबॉल प्रशंसकों पर हुए हमले की निंदा की। उन्होंने इस घटना को बेहद यहूदी विरोधी बताया। शूफ ने कहा कि उन्हें बेहद शर्मिंदगी है कि 2024 में नीदरलैंड में ऐसी घटना हो सकती है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि यहूदी विरोधी हमले घृणित हैं।

यह इतिहास के उन काले क्षणों की याद दिलाते हैं, जब यहूदियों पर अत्याचार किया गया था। उन्होंने कहा कि हम इस्राइली और डच अधिकारियों के संपर्क में हैं। अपराधियों को जवाबदेह ठहराने की डच अधिकारियों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। हमें यहूदी विरोधी



भावना से लगातार लड़ना चाहिए, चाहे वह कहीं भी उभरे।

यह हमला मकाबी तेल अवीव और अजाक्स के बीच यूईएफए यूरोपा लीग मैच के बाद हुआ था। कई इस्राइली प्रशंसकों पर प्रो-फलस्तीनी समूहों ने हमला किया था। इस घटना में कम से कम पांच लोग घायल हो गए। इस्राइली फुटबॉल प्रशंसकों पर यहूदी विरोधी हमले के सिलसिले में डच पुलिस ने शुक्रवार को 62 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### शिखर सम्मेलन को जल्द छोड़ेंगे पीएम शूफ

बुडापेस्ट में यूरोपीय संघ के नेताओं की बैठक से अलग पत्रकारों से बात करते हुए नीदरलैंड के पीएम ने कहा, 'यह एक भयानक यहूदी विरोधी हमला है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम अपराधियों पर मुकदमा चलाएंगे। मैं बेहद शर्मिंदा हूं कि 2024 में नीदरलैंड में ऐसा हो सकता है।' उन्होंने आगे कहा कि वह एम्स्टर्डम जाने के लिए शिखर सम्मेलन को जल्द ही छोड़ देंगे।

### शिखर सम्मेलन को जल्द छोड़ेंगे पीएम शूफ

बुडापेस्ट में यूरोपीय संघ के नेताओं की बैठक से अलग पत्रकारों से बात करते हुए नीदरलैंड के पीएम ने कहा, 'यह एक भयानक यहूदी विरोधी हमला है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# कनाडा में खालिस्तानी मौजूद जस्टिन ट्रूडो का कबूलनामा

**ओटावा ।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का दोहरा चरित्र एक बार फिर उजागर हो गया है। खालिस्तानी आतंकियों को पनाह देने के आरोपों को लेकर लगातार उन पर और उनकी सरकार पर सवाल उठते रहे हैं।



वे हमेशा से ऐसे अलगाववादियों को आतंकी मानने से इनकार करते रहे हैं और भारत पर ऐसे लोगों की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाते रहे हैं। हालांकि, अब उन्होंने खुद कबूल किया है कि कनाडा में खालिस्तानी मौजूद हैं। दरअसल, ट्रूडो ने यह भी कहा कि खालिस्तान समर्थक अलगाववादी कनाडा में सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। खालिस्तानी अलगावादियों की मौजूदगी के बारे में ट्रूडो का कबूलनामा भारत के इस रुख को साफ करता है कि कनाडा सरकार खालिस्तानी तत्वों को पनाह दे रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रूडो ने पिछले सप्ताह ओटावा के पार्लियामेंट हिल में दिवाली के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। यहां उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संबोधित भी किया था। उन्होंने कहा था कि कनाडा में खालिस्तान के कई समर्थक हैं, लेकिन वे सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। यहां हिंसा, असहिष्णुता या धमकी के लिए कोई जगह नहीं है। हम ऐसे नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि कनाडा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिंदू समर्थक हैं, लेकिन वे भी कनाडा में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

### ट्रूडो की यह टिप्पणी अहम क्यों?

ट्रूडो की यह टिप्पणी खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच बढ़ते कूटनीतिक विवाद के बीच आई है। सितंबर 2023 में दोनों देशों के बीच संबंधों में उस वक्त तनाव आ गया था, जब ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की भूमिका का आरोप लगाया था।

भारत सरकार की ओर से वांछित आतंकी निज्जर को 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मार दी गई। पिछले महीने संबंधों में और तनाव तब आया, जब कनाडा ने निज्जर की हत्या की जांच में भारतीय उच्चायुक्त पर संदेह बताया।

**भारत ने कड़े शब्दों में किया था खंडन :** भारत ने नए आरोप को कड़े शब्दों में खारिज कर दिया और ओटावा में अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया।

# अमेरिकी राष्ट्रपति का फैसला, यूक्रेन को दिए हथियारों की मरम्मत कर पाएंगे अमेरिका के ठेकेदार

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सत्ता के अंतिम दिनों में बड़ा फैसला लिया है। अमेरिकी प्रशासन ने पेंटागन की ओर से यूक्रेन को दिए गए हथियारों की मरम्मत और रखरखाव की अमेरिकी रक्षा ठेकेदारों को अनुमति दी है। इसमें शर्त रखी गई है कि हथियारों की मरम्मत करने वाले ठेकेदारों की संख्या कम होगी। साथ ही वे युद्ध से दूर रहेंगे। इस फैसले का उद्देश्य रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन की मदद करना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने बताया कि ठेकेदार अमेरिका की ओर से यूक्रेन को दिए गए हथियारों की क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत करेंगे।

रूस के यूक्रेन पर युद्ध करने के बाद से अब तक अमेरिका अब तक कई अरब डॉलर के हथियार कीव को दे चुका है। मगर इन हथियारों की



मरम्मत अब तक या तो यूक्रेन से बाहर ले जाकर होती थी या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कराई जाती थी।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी रक्षा ठेकेदारों पर प्रतिबंध होने से लड़ाकू विमानों और हथियारों की मरम्मत का काम धीमा पड़ गया था।

वहीं कई सारे उपकरण क्षतिग्रस्त होने के कारण उपयोग में नहीं आ रहे थे। इस फैसले के बाद यूक्रेन में ठेकेदारों की सुरक्षा के लिए अमेरिकी सैनिकों की जरूरत नहीं होगी।

साथ ही सुरक्षा और जोखिम कम करने जैसे मुद्दे पर उन कंपनियों की जिम्मेदारी होगी जो पेंटागन के साथ अनुबंध में प्रवेश करेंगी।

एक अधिकारी ने बताया कि कुछ अमेरिकी रक्षा ठेकेदार पहले भी यूक्रेन गए हैं और वहां उन हथियारों की सर्विसि की है, जो पेंटागन द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। बताया जाता है।

कि यूक्रेन में पहले से ही अमेरिकी कंपनियों की बड़ी संख्या है। इन कंपनियों के कर्मचारी यूक्रेन की सरकार के साथ किए गए अनुबंध पूरा करने के लिए वहां काम कर रहे हैं।

, इसलिए वहां जमीनी स्तर पर काम करने वाले अमेरिकी कंपनियों के कर्मचारियों की संख्या में कोई खास वृद्धि नहीं होगी।

### अमेरिका कई बार कर चुका यूक्रेन की मदद

रूस के साथ युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका कई बार यूक्रेन की सैन्य मदद कर चुका है। सबसे पहले अमेरिका ने यूक्रेन को 175 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सैन्य और आर्थिक सहायता दी थी। इसके बाद यूक्रेन को 42.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सुरक्षा सहायता के तहत हथियार मुहैया कराए गए।

# जेलेंस्की का ट्रंप को फोन आया, मस्क ने उठाया

**वॉशिंगटन ।** डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने में अभी करीब दो महीने का समय है। हालांकि, वे इससे पहले ही देश-विदेश के मुद्दों को निपटाने की तैयारी



में जुट गए हैं। इस कड़ी में उनकी पहली प्राथमिकता है रूस और यूक्रेन के बीच जंग को खत्म करवाना। अब सामने आया है कि ट्रंप ने संघर्ष का अंत करवाने को लेकर चर्चा के लिए किसी विदेश नीति के विशेषज्ञ को जिम्मेदारी नहीं सौंपी है। बल्कि ट्रंप ने इसके लिए अपने सबसे करीबी समर्थक एलन मस्क को आगे बढ़ाया है। इससे पहले ट्रंप कह चुके हैं कि वह राष्ट्रपति बनने के बाद युद्ध शुरू नहीं कराएंगे, बल्कि इन्हें खत्म करवाएंगे। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा था कि एलन मस्क की उनके प्रशासन में बड़ी जिम्मेदारी होगी।

# मोहित त्यागी के सगाई समारोह में पहुंचे गणमान्य



गाजियाबा करंट क्राइम। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के पौत्र तथा मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के भतीजे मोहित त्यागी का वाग्दान समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। गिरीश त्यागी के सुपुत्र मोहित त्यागी को बधाई शुभकामनाएं आशीर्वाद शुभाशीष देने के लिए राजनीति के गणमान्य लोग पहुंचे। समाज के तथा क्षेत्र के हजारों गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर त्यागी परिवार को बधाई शुभकामनाएं दीं।